संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -155 शुक्रवार ,07 अप्रैल 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पीएम मोदी की चेतावनी से पाकिस्तान के छूटे पसीने

**भारत की कड़ी चेतावनी से पाकिस्तान की नींद टूट गई है. साल के शुरूआती महीने में पाकिस्तान को भारत की ओर से एक नोटिस जारी किया गया था जिसमें सिंधु जल संधि पर संशोधन करने की बात कही गई थी. इस पर 4 महीने बाद पाकिस्तान ने जवाब दिया है.**

### » डरते हुए दिया नोटिस का जवाब!

**नई दिल्ली ,06 अप्रैल 2023(ए)।** पाकिस्तान की माली हालत किसी से छुपी नहीं है, वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान हाथ में कटोरा लिए मदद की गुहार लगाते रहता है. हाथ में कटोरा लेने वाली बात को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी कबूल किया है. आपको बता दें कि मोदी सरकार ने भी पाकिस्तान के खिलाफ एक कड़ी कार्रवाई की है जिसके 4 महीने बाद पाकिस्तान से उसका जवाब आया है.

भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल संधि को लेकर एक नोटिस जारी किया है. यह नोटिस साल 2023 के जनवरी महीने में पाकिस्तान को दिया गया था. इसका जवाब पड़ोसी मुल्क ने अब दिया है.

### सिंधु जल संधि का उल्लंघन करने पर पाकिस्तान को नोटिस

सिंधु जल संधि के आर्टिकल नौ का उल्लंघन करने पर भारत ने पाकिस्तान को जनवरी महीने में नोटिस पकड़ाया था. पाक विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने हफ्ते की ब्रीफिंग में इस पर जवाब दिया है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सिंधु जल संधि के लिए प्रतिबद्ध है. नोटिस रिसीव करने के 3 महीने के भीतर पाकिस्तान को आपत्ति दर्ज करानी थी लेकिन अब 4 महीने हो चुके हैं तब जाकर पड़ोसी मुल्क का जवाब आया है. पाकिस्तान के कमिश्नर ने अपने समकक्ष को नोटिस का जवाब दिया है.




### क्या है सिंधु जल संधि समझौता?

भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी का बंटवारा किस तरह से नियंत्रित किया जाएगा, सिंधु जल संधि समझौता इसी को निर्धारित करता है. साल 1960 में हुए इस जल समझौते पर भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान मिलिट्री जनरल अयूब खान ने दस्तखत किया था. इस समझौते में वर्ल्ड बैंक में शामिल है.।

### इसलिए मिला पाक को नोटिस

आपको बता दें कि सिंधु घाटी के पूर्वी नदियों पर भारत का अधिकार क्षेत्र है. वहीं कुछ विषेश नियमों के साथ पश्चिमी नदियों पर भी भारत को पनबिजली उत्पन्न करने का अधिकार दिया गया है. इस पर आपत्ति जताते हुए पाकिस्तान ने तटस्थ विशेषज्ञ की मांग की थी. इसके बाद अचानक से पाकिस्तान मध्यस्थ कोर्ट की मांग करने लगा और इसी एकतरफा कार्रवाई की वजह से समझौते के आर्टिकल नौ का उल्लंघन हुआ है जिसके लिए उसे नोटिस दिया गया है.।

# बेटे के भाजपा ज्वॉइन करने पर भड़के एके एंटनी

## बोले-अनिल ने मुझे बहुत आहत किया...यह फैसला सही नहीं

**नई दिल्ली ,06 अप्रैल 2023(ए)।**
बेटे के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अनिल के भाजपा में शामिल होने के फैसले ने मुझे आहत किया है। यह बहुत ही गलत फैसला है। भारत का आधार एकता और धार्मिक सद्भाव है। 2014 के बाद, मोदी सरकार सत्ता में आई, वे व्यवस्थित रूप से विविधता और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर कर रहे हैं। भाजपा केवल एकरूपता में विश्वास करती है, वे देश के संवैधानिक मूल्यों को नष्ट कर रहे हैं। मेरी वफादारी हमेशा नेहरू परिवार के साथ रहेगी।





### अनिल एंटनी को जेपी नड्डा ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

बता दें कि पूर्व कांग्रेस नेताऔर पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन की मौजूदगी में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

### मुझे एक खास परिवार के लिए काम नहीं करना:अनिल एंटनी

अनिल एंटनी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के बाद अनिल एंटनी ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुझे एक खास परिवार के लिए नहीं, आम लोगों के लिए काम करना है। अगले 25 सालों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के मोदी के लक्ष्य को पूरा करने का काम करना है।

### अनिल एंटनी ने क्यों छोड़ी थी कांग्रेस

अनिल एंटनी ने इसी साल जनवरी में कांग्रेस के पद और सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वह केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर थे। 2002 के गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर अनिल एंटनी ने मोदी के सपोर्ट में ट्वीट किया था, जिसे डिलीट करने का दबाव बनने पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी।

### अनिल एंटनी ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को लेकर ट्वीट किया था

पीएम मोदी पर बीबीसी की विवादास्पद डॉक्यूमेंट्री को लेकर अनिल एंटनी) ने ट्वीट करते हुए लिखा था कि भाजपा के साथ तमाम मतभेदों के बावजूद [illegible] और ब्रिटेन के पूर्व विदेश मंत्री जैक स्ट्रॉ के विचारों को भारतीय संस्थानों के विचारों से अधिक महत्व देना खतरनाक चलन है।




# कर्नाटक चुनाव से पहले आप नेशनल पार्टी का दर्जा पाने हाईकोर्ट पहुंची

### राज्यों में बढ़ रहा जनाधार!

**नई दिल्ली ,06 अप्रैल 2023(ए)।** आप नेशनल पार्टी स्टेटस की डिमांड के साथ कर्नाटक हाई कोर्ट दरवाजा खटखटाने पहुंची है। चुनाव आयोग में अपील के बाद आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा नहीं मिला था।

### आप जनाधार बढ़ने से उत्साहित

बता दें कि दिल्ली के बाद पंजाब में सरकार बनाने वाली केजरीवाल की पार्टी ने गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ा था। इसके बाद देशभर से मिल रहे वोट शेयर के आधार पर,क्कने कर्नाटक हाईकोर्ट से राष्ट्रीय दर्जा मांगा है।

### दिल्ली-पंजाब में सरकार, अब आप नेशनल पार्टी

केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली से सियासत की शुरुआत करने वाली आम आदमी पार्टी, अब पंजाब में भी प्रचंड बहुमत वाली सरकार बना चुकी है। दो राज्यों में सत्ता पर काबिज आप की दलील है कि देशभर के वोट शेयर के आधार पर पार्टी नेशनल हो चुकी है।

### क्या ईसीआईका इनकार?

आप सुप्रीमो केजरीवाल ने गुजरात चुनाव के नतीजों के बाद आप को राष्ट्रीय पार्टी करार दिया था। कुछ हफ्ते बाद कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग है। राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता पाने हाईकोर्ट पहुंची आप ने कहा, देरी से चुनाव लड़ने की क्षमता बाधित हो रही है।

### आप राष्ट्रीय दर्जा पाने के लिए सभी मानदंडों पर खरी

कर्नाटक में आप संयोजक पृथ्वी रेड्डी ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि पार्टी राष्ट्रीय दर्जा पाने के लिए सभी मानदंडों को पूरा करती है। चुनाव आयोगने दर्जा देने से इनकार कर दिया है।

### क्या हैं चुनाव आयोग के नियम?

ईसीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, एक राजनीतिक पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी जा सकती है, यदि वह आम चुनाव या विधानसभा चुनाव में चार या अधिक राज्यों में हुए वैध मतों का कम से कम 6 प्रतिशत हासिल करती है।

# आज चेन्नई से रांची पहुंचेगा जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर



**रांची,06 अप्रैल 2023(ए)।** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो अब हमारे बीच नहीं रहे। झारखंड के टाइगर और राजनीतिक दिग्गज नेता ने अहले सुबह अंतिम सांस ली। चेन्नई के एमजीएम अस्पताल में उनका निधन हो गया। सीएम हेमंत सोरेन शिक्षा मंत्री का पार्थिव शरीर लाने जाएंगे। जिसके बाद उनके पैतृक आवास बोकारो में अंतिम संस्कार किया जायेगा। यह जानकारी शिक्षा मंत्री के बेटे अखिलेश महतो ने ट्वीट कर दी है।

### पैतृक आवास बोकारो में होगा अंतिम संस्कार

बेटे अखिलेश महतो ने कहा कि मेरे पिता जी का पार्थिव शरीर आज 7 अप्रैल 2023 दिन- शुक्रवार को प्रातः 7 बजे चेन्नई से रांची लाया जाएगा। जहां से उनके अंतिम दर्शन के लिए उन्हें विधानसभा परिसर ले जाया जाएगा।

समस्त कार्यक्रम पैतृक आवास ग्राम- अलारगो, भण्डारीदह ( बोकारो) में सम्पन्न होंगे। जिसके बाद दोपहर 1 बजे उनकी अंतिम यात्रा गांव अलारगो से भण्डारीदह (दामोदर घाट) तक होगी।

### अंतिम दर्शन के लिए ले जायेगा झारखंड विधानसभा परिसर

अंतिम संस्कार से पहले जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर को सुबह 07।30 बजे झारखंड विधानसभा परिसर ले जाया जाएगा। उसके बाद सुबह 08 बजे रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (कैम्प) में स्व0 जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर, अंतिम दर्शन एवं श्रद्धांजलि के लिए लाया जाएगा।

### आज रहेगा राजकीय शोक

झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जरनाथ महतो के निधन पर दो दिनों का राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के सम्मान में दो दिनों का राजकीय शोक मनाया जाएगा।

6 अप्रैल से 7 अप्रैल तक राजकीय शोक होगा। इस दौरान सभी भवनों जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार का राजकीय समारोह नहीं होगा।

बता दें कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन से पूरे राजनीतिक जगत में शोक की लहर है। कई मंत्रियों ने ट्वीट कर दुख जताया तो कई मंत्रियों ने शोक सभा का आयोजन कर मौन रखा।

सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा कि झारखंड के टाइगर जगरनाथ दा नहीं रहे। झारखंड ने अपना एक महान आंदोलनकारी, जुझारू, कर्मठ और जनप्रिय नेता खो दिया।

# अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब




**नई दिल्ली ,06 अप्रैल 2023(ए)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से बृहस्पतिवार को जवाब मांगा।.न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सिसोदिया की याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर, उस पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# हंगामे के चलते लोक सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली ,06 अप्रैल 2023 (ए)।** बजट सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को भी लोक सभा में अडानी मसले पर जांच के लिए जेपीसी गठन की मांग को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। गुरुवार को सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होते ही जैसे ही ओम बिरला ने सत्र के दौरान हुए कामकाज की जानकारी को बताना शुरू किया वैसे ही काले कपड़े पहने कांग्रेस सांसदों ने वेल में आकर जेपीसी की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सत्र के दौरान हुए कामकाज की जानकारी देते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सांसदों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि उनका आचरण और व्यवहार संसद के लिए और देश के लिए हितकारी नहीं है। यह सदन के लिए और देश के लोकतांत्रिक मर्यादा के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन की उच्च कोटि की गरिमा और मर्यादा रही है लेकिन जिस तरह से सदन में आकर आचरण और व्यवहार (वेल में आकर हंगामा और नारेबाजी) किया जा रहा है वह बिल्कुल भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि वे हर विषय पर चर्चा और संवाद के लिए तैयार हैं, देर रात तक सदन चलाया गया है और उन्हें बोलने का पर्याप्त समय भी दिया गया। लेकिन सदन की गरिमा को गिराया जा रहा है जो कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही को नियोजित तरीके से बाधित करना उचित नहीं है।



आज बजट सत्र के दूसरे चरण का आखिरी दिन था, इसलिए इसके बाद बिरला ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने तुषार गांधी की अवमानना याचिका से जुड़ा मामला किया बंद

**नई दिल्ली ,06 अप्रैल 2023 (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने नफरत फैलाने वाला भाषण देने के 2021 के मामले में कथित निष्क्रियता को लेकर दिल्ली पुलिस के खिलाफ दायर तुषार गांधी की अवमानना याचिका का बृहस्पतिवार को निस्तारण कर दिया.



न्यायालय ने याचिका से जुड़े मामले को इन प्रतिवेदनों को संज्ञान में लेने के बाद बंद कर दिया कि राष्ट्रीय राजधानी में 2021 में धार्मिक सभाओं में दिए गए नफरती भाषणों संबंधी मामले में एक आरोप पत्र यहां एक अदालत में दायर किया गया है. प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज की इन दलीलों पर गौर किया कि जांच पूरी होने के बाद चार अप्रैल को यहां मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया था. पीठ ने कहा कि आरोप पत्र दायर किए जाने के मद्देनजर वर्तमान अवमानना याचिका पर सुनवाई जारी रखना न्याय के हित में उचित नहीं है.

# अभी जेल में ही रहेंगे सत्येंद्र जैन

### » हाईकोर्ट में भी जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली ,06 अप्रैल 2023 (ए)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की कोर्ट ने ये फैसला सुनाया। ईडी ने भी सत्येंद्र जैन की जमानत का विरोध किया। ईडी ने कोर्ट में कहा कि अगर जैन को जमानत दी जाती है तो मामले के गवाहों की जान को खतरा हो सकता है। साथ ही जांच भी प्रभावित हो सकती है।




सत्येंद्र जैन कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट भी गए थे, वहां उन्हें राहत नहीं मिली थी। जैन ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपनी जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी थी। कोर्ट ने इस अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत जमानत मामलों से भरी हुई है। शायद की कोई ट्रायल पूरा हो रहा है। हम जमानत अर्जी पर जल्द सुनवाई के लिए नहीं कह सकते। इसके बाद जैन को अपनी याचिका वापस लेनी पड़ी थी। सत्येंद्र जैन ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि दिल्ली हाईकोर्ट को उनकी जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई करने का आदेश दिया जाए।

# उत्तरकाशी में डोली धरती




**उत्तरकाशी,,06 अप्रैल 2023(ए)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले और उसके आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को तड़के तीन तीव्रता का भूकंप आया। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने बताया कि सुबह पांच बजकर 40 मिनट पर भूकंप आया जिसका केंद्र उत्तरकाशी में पांच किलोमीटर की गहराई पर था। उसने बताया कि जिले में कहीं से जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

## संपादकीय

### डिग्री मांगना जुर्म है!

यह बात किसी तर्क से गले नहीं उतरती कि केजरीवाल ने तुच्छ याचिका के जरिए कोर्ट का समय खराब किया। इसके बावजूद हाई कोर्ट ने ना सिर्फ सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया, बल्कि केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा दिया।

गुजरात हाई कोर्ट का फैसला हैरान करने वाला है। यह तथ्य गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की शैक्षिक डिग्री मांगने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हाई कोर्ट नहीं गए थे। केजरीवाल ने अर्जी केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के पास दी। सीआईसी ने केजरीवाल की अर्जी को वाजिब माना और संबंधित यूनिवर्सिटी से प्रधानमंत्री की डिग्री याचिकाकर्ता को देने को कहा। केजरीवाल की भूमिका यहीं थम गई। हाई कोर्ट का दरवाजा यूनिवर्सिटी ने खटखटाया। उसने सीआईसी के आदेश को चुनौती दी। इस क्रम में केजरीवाल को दूसरा प्रतिवादी जरूर बनाया गया। लेकिन यह बात किसी तर्क से गले नहीं उतरती कि केजरीवाल ने तुच्छ याचिका के जरिए कोर्ट का समय खराब किया। इसके बावजूद हाई कोर्ट ने ना सिर्फ सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया, बल्कि केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा दिया। इस लिहाज से उचित तो यह होता कि कोर्ट सीआईसी पर भी जुर्माना लगाता! आखिर यूनिवर्सिटी को डिग्री उपलब्ध कराने का आदेश तो सीआईसी ने दिया था! प्रधानमंत्री की डिग्री को लेकर बहस अलग है।

भारतीय संविधान कम पढ़े-लिखे और अति विद्वान में फर्क नहीं करता। दरअसल, ऐसी मिसालें हैं, जब औपचारिक शिक्षा ना होने के बावजूद अनेक व्यक्तियों ने इतिहास पर अपनी छाप छोड़ी। इसलिए केजरीवाल ने प्रधानमंत्री के पढ़े-लिखे होने को लेकर जो बहस छेड़ी है, उस पर उनसे असहमत होने के भी पर्याप्त तर्क मौजूद हैं। लेकिन किसी डिग्री या किसी शैक्षिक स्थिति को छिपाने का कोई तर्क नहीं हो सकता। खास कर उस व्यक्ति के लिए जो सार्वजनिक जीवन में हो। बल्कि बेहतर यह होता कि प्रधानमंत्री की डिग्री को लेकर सच सार्वजनिक करते हुए इस बहस को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाता। जबकि अब केजरीवाल और उनकी पार्टी को यह कहने का मौका मिला है कि प्रधानमंत्री के अनपढ़ या कम पढ़ा-लिखा होने संबंधी उनका दावा सच साबित हो गया है! बहरहाल, बिना इस सियासी बहस में जाते हुए भी यह अवश्य कहा जाएगा कि हाई कोर्ट का फैसला समस्याग्रस्त है और उससे न्यायपालिका के बारे में फैल भ्रम और मजबूत होंगे।

# समलैंगिकता का कानूनी पक्ष

पॉच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के सामने एक मानवीय, लैंगिक, प्राकृतिक संबंधों की व्याख्या का मामला है। एक दर्जन से अधिक याचिकाएं विचाराधीन हैं, जिनमें समलैंगिक संबंधों को कानूनी मान्यता देने के आग्रह निहित हैं। भारत सरकार ने अपने 56 पृष्ठीय हलफनामे में समलैंगिकता और ऐसे विवाह का विरोध किया है। इस मुद्दे को संसद के अधिकार क्षेत्र में ही रहने की दलील भी दी गई है। संसद इन संबंधों की सामाजिकता, निजता, स्वाभाविकता और नैसर्गिकता पर व्यापक विमर्श करेगी और फिर कानून पारित करेगी । सरकार अदालती पीठ और इस मुद्दे की सुनवाई को संसद के अधिकार क्षेत्र में दखल का प्रयास मान रही है। दरअसल भारतीय सभ्यता और संस्कृति में विवाह एक पवित्र संस्कार है, विपरीत लिंग के स्त्री-पुरुष का सामाजिक-मानसिक गठबंधन है तथा संतानोत्पत्ति के जरिए इस दुनिया को निरंतर बनाये रखने की सोच और कोशिश है । विकृत्तियां कई स्तर पर हो सकती हैं । ये शारीरिक, दिमागी, गर्भस्थ आदि हो सकती हैं, लेकिन अभी तक जिस व्यवस्था को समाज और कानून में मान्यता प्राप्त है, उसका उल्लंघन क्यों किया जाये? ऐसा अतिक्रमण क्यों जरूरी है, जो प्राकृतिक भी नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने 6 सितम्बर, 2018 को एक महत्वपूर्ण, लगभग ऐतिहासिक, फैसले में धारा 377 (1) को गैर आपराधिक घोषित किया था, जिसमें समलैंगिक





संबंधों को अप्राकृतिक अपराध कहा गया था । जिस एलजीबीटी समुदाय ने उस फैसले को अपनी निजता, कामेच्छा, स्वाभाविकता की ऐतिहासिक जीत करार दिया था, उसमें महिला-महिला संबंध, पुरुष-पुरुष संबंध, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्स, द्विलिंगी, एसेक्सुअल आदि मनोवृत्तियों के लोग, समुदाय आते हैं। इन लोगों में विपरीत लिंगी के सामाजिक आदर्शों की अनुपस्थिति होती है। भारत में यह सामाजिक समूह विशिष्ट है, जिसमें हिजड़ा भी शामिल हैं। उन्हें थर्ड जेंडर भी कहा जाता है। दरअसल अब प्राचीन ग्रन्थों, पुराण आदि के कुछ दुर्लभ उदाहरण देकर तार्किक मांग की जा रही है कि समलैंगिक संबंधों को भी कानूनी मान्यता दी जाये, ताकि उनके प्रति समाज, कार्यस्थल, रोजाना की जिन्दगी में असामाजिक और घृणित न समझा जाये । भगवत पुराण में ऐसा उल्लेख बताया जाता है कि भगवान शिव ने भगवान विष्णु को मोहिनी के अवतार में देखा और उनके मिलन के फलस्वरूप भगवान अयप्पा का जन्म हुआ। शिखंडिनी और बृहन्नाला के प्रसिद्ध पात्र महाभारत के सबसे सम्मानित ट्रांसजेंडर पात्र हैं । बाल्मीकि रामायण में भगवान शिव के आशीर्वाद से राजा भगीरथ का जन्म उनकी दो माताओं और राजा दिलीप की विधवाओं के मिलन से हुआ था। दरअसल ये मिथकीय कहानियां हैं, आम आदमी के पास वे अलौकिक और दैवीय शक्तियां नहीं हैं, लिहाजा इनके उदाहरण भी बेमानी हैं। भारत में संविधान को ग्रहण करने के बाद भी समलैंगिक संबंधों को आपराधिक कृत्य माना गया था ।

**अजय दीक्षित**

# मानवता की भलाई के लिए यीशु का बलिदान

हे ईश्वर! इन्हें क्षमा करें, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं। यह प्रार्थना थी यीशु (ईसा मसीह) की उन हत्यारों के लिए, जिन्होंने भयावह अमानवीय यातनाएं देते हुए उनके प्राण ले लिये। यीशु के सिर पर कांटों का ताज रखा गया, उन्हें सूली को कंधों पर उठाकर ले जाने को विवश किया गया और गोल गोथा नामक स्थान पर ले जाकर दो अन्य अपराधियों के साथ बेरहमी से कीलों से ठोकते हुए क्रॉस पर लटका दिया गया। यीशु ने उत्पीड़न और यातनाएं सहते हुए मानवता के लिए अपने प्राण त्याग दिए और दया-क्षमा का अपना संदेश अमर कर दिया।

यीशु ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। उनके बलिदान, उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है 'गुड फ्राइडे'। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले यीशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था। जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में 'गुड फ्राइडे' मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष



गुड फ्राइडे 7 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को यीशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता, बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर यीशु का स्मरण करते हैं। ईसा मसीह परिवर्तन के पक्षधर थे और उन्होंने मानव प्रेम की सीमा नहीं बांधी, बल्कि अपने बलिदान से उसे आत्मकेन्द्रित एवं स्वार्थ से परे बताया। पृथ्वी पर बढ़ रहे पापों के लिए बलिदान देकर ईसा ने निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।


ईसाई धार्मिक मान्यताओं के अनुसार क्रॉस पर लटकाए जाने के करीब तीन दिन बाद रविवार को ईसा मसीह पुनः जीवित हो गए थे, इसीलिए गुड फ्राइडे के बाद आने वाले रविवार को 'ईस्टर संडे' के नाम से जाना जाता है। पुनः जीवित हो उठने के बाद ईसा ने अपने शिष्यों के साथ 40 दिनों तक रहकर हजारों लोगों को दर्शन दिए। ईसा मसीह के जी उठने की याद में ही दुनियाभर में ईसाई धर्म के अनुयायी 'ईस्टर संडे' मनाते हैं। ईस्टर की आराधना उषाकाल में ईसाई महिलाओं द्वारा की जाती है, क्योंकि माना जाता है कि यीशु का पुनरुत्थान इसी वक्त हुआ था और उन्हें सबसे पहले मरियम मदीलिनी नामक महिला ने देखा था तथा अन्य महिलाओं को इस बारे में बताया था।



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

# के.ए.अब्बास की सात हिंदुस्तानी फिल्म की दास्तां

के. ए. अब्बास यानी ख्वाजा अहमद अब्बास का नाम वेसे तो फिल्मकार और पटकथा लेखक के रूप में जाना जाता है, पर वह एक अच्छे पत्रकार और कहानीकार भी थे। उनकी लिखी या बनाई फिल्मों में डा. कोटनिस की अमर कहानी, नीचा नगर, आज और कल, आवारा, श्री 420, जागते रहो, बम्बई रात की बांहों में, मेरा नाम जोकर, बॉबी और अचानक शामिल हैं। उन्होंने हिंदी, उर्दूऔर अंग्रेजी में मिला कर कुल 73 किताबें लिखी थीं।



उनकी अंतिम किताब, 1987 में उनकी मौत हुई, उसके एक साल पहले आई थी। उसका नाम था- सोने चांदी के बुत। इसमें हिंदी फिल्मों की चमकदमक की दुनिया और वास्तविकता पर उनका निरीक्षण था। इसमें फिल्मी कलाकारों और अन्य पहलुओं पर संक्षेप में कहानियां, निबंध और लेख शामिल थे। यह किताब मूल उर्दू में थी। अब उसका अंग्रेजी रूपांतरण प्रकाशित हुआ है- सोने चांदी के बुत राइटिंग्स आन सिनेमा। सैयदा हमीद और सुखप्रीत काहलो ने इसका भाषांतर किया है।

आप ने ऊपर ध्यान दिया हो तो अब्बास की फिल्मों में हमने सात हिंदुस्तानी (1969) का जिक्र नहीं किया। इसलिए कि हमारा यह पूरा लेख ही उसी पर है। के. ए. अब्बास को सात हिंदुस्तानी के लिए ही सब से अधिक याद किया जाता है, क्योंकि यह अमिताभ बच्चन की सब से पहली फिल्म थी। गोवा मुक्ति संघर्ष पर बनी इस फिल्म के बारे में सभी जानते हैं कि अमिताभ कोलकाता की एक शुगर मिल में काम करते थे। पर ऐक्टिंग का भूत सवार हुआ तो मुंबई में नसीब आजमाने की कोशिश करने लगे।

अब्बास साहब ने तब सात हिंदुस्तानी की योजना बनाई थी। फिल्म राष्ट्रीय एकता पर थी। असल में इसमें उन्होंने साथ धर्मों के प्रदेश के लोगों को लिया था। इसमें मूल एक्टर्स इस प्रकार थे- मलयालम एक्टर मधु नैयर, बंगाली उत्पल दत्त, इरशाद अली, जलाल आगा, पारसी ऐक्ट्रेस शहनाज वहाणवटी, (महमूद के भाई) अनवर अली और टीनू आनंद।

वरिष्ठ लेखक इंदर राज आनंद के बेटे टीनू आनंद को उस समय फिल्म मेकिंग में रुचि थी और सत्यजित रे ने उनकी एक फिल्म में सहायक निर्देशक का काम ऑफर किया, इसलिए उन्होंने फिल्म सात हिंदुस्तानी छोड़ दिया था। उनकी जगह खाली हुई तो अमिताभ बच्चन का नंबर लग गया। अब्बास साहब ने अमिताभ को सात हिंदुस्तानी में (और इस तरह हिंदी फिल्म जगत में) डंका कैसे बजा, इसका अपनी पुस्तक सोने चांदी के बुत में दिलचस्प वर्णन किया है।

अमिताभ जब अपॉइंटमेंट के दिन मुंबई में अब्बास साहब से उनके आफिस में मिले, तब मुंबई में उनका यह पांचवा धक्का था। इसके पहले हिंदी फिल्मों के चार बड़े डायरेक्टर अमिताभ को रिजेक्ट कर चुके थे। (मैं उनके नाम दूंगा तो उन्हें नीचा लगेगा ऐसा अब्बास ने लिखा है)। अब्बास ने कारण पूछा तो अमिताभ ने कहा था, उन्हें मैं बहुत लंबा, बेढ़ंगा और कार्टून जैसा लगा था। उन्हें लगता था कि कोई हीरोइन मेरे साथ काम नहीं करेगी।

अब्बास ने कहा कि उन लोगों को तुम कैसे लगे, मुझे इससे मतलब नहीं है, मुझे तो अनवर अली (फिल्म में अमिताभ बच्चन के पात्र का नाम महमूद के भाई अनवर अली पर ही था) के लिए जैसा एक्टर चाहिए था, वह मिल गया है। इसके बाद पूछा, कांट्रैक्ट साइन करना होगा, पढ़ना आता है कि नहीं?अमिताभ ने कहा कि वह दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट हैं, कालेज के नाटकों में काम किया है और कल तक कोलकाता की एक कंपनी में 1400 रुपए महीने, मुफ्त कार और मुफ्त मकान वाली नौकरी थी। इसमें कल तक शब्द पर जोर था, जिस अब्बास ने ध्यान दिया। इसलिए उन्होंने पूछा, क्यों?

आप ने बुलाया, इसलिए।

पर मैं ने तो आप को देखने के लिए बुलाया था। तुम प्लेन से मुंबई आए। इतनी फास्ट तो कोई ट्रेन नहीं है।

यस। अमिताभ ने कहा, भाई अजिताभ बच्चन ने तार किया था कि सात हिंदुस्तानी में रोल तय हो गया है, इसलिए परसों तक पहुंचना है।

इतना बड़ा झूठ? मैं फिल्म में लेने से मना कर देता तो?

तो दूसरी जगह प्रयास करता। सुनील दत्त साहब नई फिल्म प्लान कर रहे हैं। शायद ले लें। कोलकाता की नौकरी से मैं परेशान हो गया हूं।

अब्बास साहब ने हमेशा के लिए नौकरी छोड़ कर आए इस लड़के की उम्मीद और आत्मविश्वास को मन ही मन शाबासी दी। इसके बाद उनका नाम पूछा।

अमिताभ।

अमिताभ कौन?

बच्चन, अमिताभ बच्चन।

अब्बास साहब चौंके, डा. बच्चन तुम्हारे सगे पिता हैं?

यस,अमिताभ ने सकुचाते हुए कहा, वह मेरे पिता हैं।


तब तो यह कांट्रैक्ट नहीं होगा। वह तो मेरे पुराने मित्र हैं। उनकी मंजूरी के बिना यह कांट्रैक्ट नहीं दूंगा।

अमिताभ ने कहा, मैं ने तो उन्हें पत्र लिखा है। आप तार कीजिए, कल जवाब आ जाएगा।

अब्बास ने कहा, तुम आज जाओ। मैं उन्हें तार करता हूं। उनकी मंजूरी आने के बाद तुम आना और कांट्रैक्ट साइन कर देना।

तीसरे दिन डा. हरिवंशराय बच्चन का के. ए. अब्बास के पास तार आया, वह आप के साथ काम कर रहा है तो मूझे खुशी होगी।

अब्बास की शंका दूर हुई और उन्होंने पांच हजार रुपए के वेतन पर कांट्रैक्ट साइन कराया। इस तरह अमिताभ बच्चन के फिल्मी कैरियर की शुरुआत हुई थी। कोई फिल्म निर्माता चाहे तो इस पूरी कहानी के आसपास अच्छी फिल्म बना सकता है।



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

# भारत में कैसे कम हो पाएंगे सड़क हादसे

आज कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है जिस दिन देश के किसी ना किसी भाग में सड़क हादसा न हुआ हो। जिसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़े। विकास की प्रतीक मानी जाने वाली सड़कें विनाश का पर्याय बनती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मारे गए 10 लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। भारत में सड़क हादसों के आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा औसतन 426 लोग प्रतिदिन या हर घंटे 18 लोगों का है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश भर में 4.03 लाख सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के अलावा 3.71 लाख लोग घायल भी हुए थे।



देश में दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक रोड एक्सीडेंट के मामले 2020 में 3,64,796 से बढ़कर 2021 में 4,03,116 हो गए। मौतों में 16.8त्न बढ़ोतरी हुई है। 2020 में 1,33,201 और 2021 में 1,55,622 लोगों ने सड़क हादसे में अपनी जान गवाई है। साथ ही 2021 में प्रति हजार वाहनों की मौत दर 2020 में 0.45 से बढ़कर 2021 में 0.53 हो गई है। विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज गति के कारण हुई हैं।

देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। भारत में होने वाले सड़क हादसे में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जान जाने से बचायी गई। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का राजमार्ग ढांचा 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएगा। जिसके लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है और ग्रीन एक्सप्रेसवे और रेल ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतमाला 2 के लिए जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी मिलने की संभावना है और एक बार इसके बाद यह देश में एक मजबूत बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। गडकरी ने कहा मुझे विश्वास है कि भारत के राजमार्ग 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएंगे। भारत की लंबाई और चौड़ाई में हरित एक्सप्रेसवे के नेटवर्क सहित एक मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है। गडकरी ने उम्मीद जतायी कि 2025 तक सड़क दुर्घटनाएं और इसके कारण होने वाली मौतें 50 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी।

गडकरी का कहना है कि जानलेवा सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिये राज्यों को केन्द्रीय सड़क कोष के एक हिस्से का इस्तेमाल करना चाहिये और दुर्घटनावाली जगहों को दुरुस्त करना चाहिये। उन्होंने कहा कि हम न सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों पर बल्कि राज्य राज मार्गों पर भी हादसों की संख्या कम करने की कोशिश कर रहे हैं । जिलों में सड़क सुरक्षा समितियां गठित की जानी चाहिये। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सांसदों को करनी चाहिये और जिलाधिकारियों को इनका सचिव बनाया जाना चाहिये। यह समिति जिला स्तर पर दुर्घटना के सभी पहलुओं को देखे।


सरकार सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसके लिए नीतिगत सुधारों और सुरक्षित प्रणालियों को अपनाया जा रहा है। 2030 तक भारतीय सड़कों पर जीरो एक्सीडेंट की दृष्टिगत करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। गडकरी के अनुसार सरकार सड़क पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान करने और इसके समाधान के लिए 14 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी।

सड़कों पर बने मोड़ों जैसे टी जंक्शन और टी वाई पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती है। देश भर में हुए कुल हादसों में से 37 फीसदी हादसे उन्हीं चौराहों और मोड़ों पर होते हैं। उनमें से तकरीबन 60 फीसदी हादसे टी और टी वाई जंक्शन पर रिकॉर्ड किए गए। इनकी सबसे बड़ी वजह ड्राइवरों की गलती रहती है। स्पीड सीमा को पार करना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, ओवरटेकिंग और मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना कुछ ऐसी गलतियां हैं। जिनसे बड़ी संख्या में सड़क हादसे हो रहे हैं। कुल सड़क हादसों में से 84 फीसदी हादसों के पीछे ड्राइवरों की गलती होती है।

शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से नगरीय बस सेवाओं के भरोसे है। जिनमें ज्यादातर बसें पुरानी हो चुकी हैं। कई अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि शहरों की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हमें इस समय सड़कों पर चल रही बसों के मुकाबले कई गुना अधिक बसों की जरूरत है। सड़क हादसों के कारण अक्सर परिवारों की आमदनी के स्रोत को नुकसान होता है व उनकी रोजी रोजगार छिन जाता है। संबंधित परिवार को आर्थिक दिक्कतें होती हैं। जो लोग सड़क दुर्घटनाओं में बच भी जाते हैं उनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है। हालांकि 2019 का मोटर व्हीकल एक्ट सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को बीमा के जरिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराता है। लेकिन इस कानून से सड़क हादसों के शिकार लोगों को होने वाली मानसिक क्षति की भरपाई नहीं होती।

इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के मुताबिक भारत में सड़क हादसों में सालाना करीब 20 अरब डॉलर का नुकसान होता है।

देश की सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। इस पर नियंत्रण के उचित कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही वाहनों की सुरक्षा के मानकों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। स्कूलों में सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता अभियान चलाए जाए। भारी वाहन और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को परमिट दिए जाने की प्रक्रिया में कड़ाई बरती जाए। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए योग्यता भी तय की जाए। साथ ही छोटे बच्चे और किशोरों के वाहन चलाने पर कड़ाई से रोक लगे। तेज रफ्तार, सुरक्षा बेल्ट का प्रयोग न करने वालों और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। तभी देश में सडकों पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग पायेगी।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

## महाबली हनुमान

जय कपीश्वर, महादेव रूद्र अवतार।
दीर्घ काया, बलिष्ठ, बाहुबली उदार।।
विपत्ति मोचक, वनराज, तारणहार।
सखा सेवी, काज समर्पित, संसार।।
व्योम मार्ग ऊर्ध्वायन ग्रसे अंशुमान।
राहु पतन, इंद्र वज्र प्रहार हनुमान।।
पवन देव समीरण
त्रिलोक व्यवधान।
दिव्य बल उपहार सर्वदेव वरदान। ।
वानर दलबल
गमन सीता अनुसंधान।
वीरता विस्मृत बजरंगी
जामवंत संज्ञान।।
विराट रामदूत,
महेंद्र पर्वत चलायमान।
पुच्छल तीव्र अग्नि
सर्व लंका शमशान।।
रघुवीर, लक्ष्मण मूर्छित जादुई शक्ति।
अपहृत पाताल लोक
अहिरावण युक्ति।।
गमन महावीर राम
नाम अजपा भक्ति।
वध कर अधोलोक
नरेश, राघव मुक्ति।।
अर्जुन,गरुड़,सुदर्शन
चक्र घमंड नाशक।
महाभारत युद्ध रथ
विजय पताका रक्षक।।
युगानुयुग वसुंधरा
वासी सुहृदय अंकेक्षक।
कलियुगी असत्य,
लोभ, पाप, परास्तक।।



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली, छत्तीसगढ़

## क्षण भंगुर दुनियाँ


मत कर तुँ गुमान किसी का
कुछ भी नहीं यहाँ स्थाई है
पानी की बुलबुले है जिदंगी
थोड़ी देर के लिये परछाई है
सूरज अस्त जब पश्चिम में होगा
जगत में अंधियारा छा जायेगा
हर कुछ जो तुमको दीखता है
कुछ भी तुम्हें नजर ना आयेगा
ये दौलत ये तन ये सब महल
सब कुछ छुट ही जायेगा
जो भी कमाया है जग में सब
कुछ भी साथ तेरा ना जायेगा
कुछ भी जग में तेरा नहीं है
फिर क्यूँ जग में मारा मारी है
शमशान तक कफन ही जायेगा
फिर काहे की ये धन चुराई है
ताम झाम सब फितरत का खेल
फिर किस बात की करता गुमान
टुट जायेगी जिस दिन साँसे तब
टुट जायेगी तेरी सब ये अभिमान
सारा जगत है उस ईश्वर का
तुम एक महज किरायेदार यहाँ
जब सब कुछ चन्द दिनों का है
तब नाम कमा बन जाओ महान



**उदय किशोर साह**
जयपुर बाँका
बिहार

## बिंदास हरे गुलाबी लेता हूं

जांबाज़ी और ज़ज्बा दिखाकर बहुत
दिलेरी से काम करता हूं
ऊपर से ढीली कार्यवाही का भरोसा
पाता हूं
बिंदास हरे गुलाबी लेता हूं
पकड़े जाने पर कुछ नहीं होगा
ऐसी उम्मीद ऊपर से पाया हूं
निलंबित होकर शीघ्र वापस आने
भरोसा पाया हूं
बिंदास हरे गुलाबी लेता हूं
प्रक्रिया बहुत लंबी है
यह मैं जानता हूं
कानूनी बारीकियों को
मैं पहचानता हूं
मेरे साथ सब मिलीभगत हैं
यह भी जानता हूं
बिंदास हरे गुलाबी लेता हूं
हमाम में सब लोग
वो हैं यह जानता हूं
इस क्षेत्र में सब एक
जैसे हैं पहचानता हूं
सबकी पोल के तार
मेरे से जुड़े हैं जानता हूं
बिंदास हरे गुलाबी लेता हूं
प्रक्रिया में उम्र
बीत जाएगी यह मैं जानता हूं
हम सब आपस में है
यह पहचानता हूं
हरे गुलाबी की लंबी
पहुंच है जानता हूं
बिंदास हरे गुलाबी लेता हूं



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# आदिवासी संस्कृति से पूरी दुनिया ले सकती है प्रेरणाःश्री बघेल

» अजिरमा में 25 लाख रुपए से बनेगा सामुदायिक भवन

» मुख्यमंत्री खद्दी परब में हुए शामिल

-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को यहां राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में मूली पढ़हा उरांव समाज के तत्वाधान में आयोजित खद्दी परब (सरहुल परब) में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर समाज प्रमुखों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाज से खद्दी पूजा कर प्रदेश की जनता की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत अजिरमा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये देने, सरना स्थल कोरिया बाड़ी का नाम आस्था आंगन करने, आस्था आंगन में शेड निर्माण, ऑक्सीजन पार्क का नाम वृक्षमित्र ओपी अग्रवाल के नाम पर तथा आकाशवाणी चौक का नाम इंजीनियर कार्तिक उरांव के नाम पर करने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी संस्कृति सबसे प्राचीन संस्कृति है और उसके अनेक गौरवशाली परंपराएं तीज त्यौहार हैं जिससे पूरी दुनिया प्रेरणा ले सकती है। आदिवासियों की जितने भी त्यौहार हैं वे सब प्रकृति से जुड़े हुए हैं। जीवन में कितने भी उतार चढ़ाव क्यों न आए हो जैसे ही त्यौहार आता है सभी खुशी से झुमने लगते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति कि साथ जो जीता है, नाचता और गाता है उसी का नाम सरहुल है। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। जल जंगल जमीन को बचाने के लिए एक तरफ फारेस्ट राइट एक्ट के तहत पट्टा देने का काम वन अधिकार पट्टा, सामुदायिक पट्टा एवं वन संसाधन पट्टा दिया जा रहा है। बिगड़े वनों को सुधारने का काम किया जा रहा है। शहरों में हरियाली बढ़ाने व प्राचीन वृक्षों को बचाने के लिए कृष्ण-कुंज का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही नरवा विकास के द्वारा वन क्षेत्रों में भूमिगत व सतही जल उपलब्ध हो सके। अभी हाल में ही मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना की भी शुरूआत की गई है ताकि निजी भूमि में भी कोई पेड़ लगाना चाहे तो उसे प्रात्साहित किया जा सके। इस योजना के तहत हमारा लक्ष्य 36 हजार एकड़ में पेड़ लगाने का है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है 4 साल में कृषि का रकबा व किसानों की संख्या एवं उत्पादन में गुणात्मक सुधार हुआ है। हमने इस वर्ष फैसला किया है कि समर्थन मूल्य में धान की खरीदी 20 क्विंटल प्रति एकड़ दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना पूरे में छत्तीसगढ़ में ही लागू है और इसे बढाते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में भी लागू कर दिया गया है।इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, कोटवार, रसोइंया के मानदेय में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं से लोग वंचित न रहे इसके लिए 1 अप्रैल से सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं ले पाने वाले हितग्राहियों को भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेरोजगारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने की शुरूआत भी हो गई है। पात्रता में आय की सीमा ढाई लाख कर दिया गया है। घर बैठे आवेदन की सुविधा भी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग गोठान व गोबर का मजाक उड़ाते थे लेकिन वही गोठान व गोबर लोगों की आजीविका का अच्छा साधन बन गया है।

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि उरांव समाज का सरहुल पर्व जंगल पहाड़ में रहने वाले हमारे आदिवासी समाज पेड़ पौधा को अपना आराध्य मानते हैं उनकी पूजा करते हैं। उरांव जनजाति सरई पेड़ के नीचे पूजा करने की प्रथा पहाड़ जंगल में जनजाति जो प्रकृति की गोद में अपना जीवन-यापन करता है और उसी को अपना आराध्य मानता है हमारा जनजाति समुदाय पर्यावरण का संरक्षक है। आदिवासी समाज 9 अगस्त को पूरे दुनिया में इस दिन को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाते हैं। इस त्यौहार को मनाने के लिए मुख्यमंत्री ने छुट्टी घोषित कर समाज को गौरव प्रदान किया है। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि चैत्र महीना पूर्णिमा तिथि तक रहता है। परंपरा के अनुसार सरहुल के नए वर्ष भी शुरू होता है। इस त्यौहार को मनाते हुए जगह-जगह भाई-बहन खूब नाचते-गाते हैं। लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने कहा कि सरहुल पर्व एक अविस्मरणीय व ऐतिहासिक पर्व है।







सरहुल पर्व के अवसर पर पूरे समाज के लोग हर्षोल्लासित हैं क्योंकि पहली बार ऐसा अवसर आया है कि प्रदेश के मुखिया हमारे साथ हैं।

इस अवसर पर संदीय सचिव एवं भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह , श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, गौ-सेवा आयोग के सदस्य अटल यादव, तेलघानी बोर्ड के सदस्य लक्ष्मी गुप्ता, मदरसा बोर्ड के सदस्य इरफान सिद्दीकी, अपेक्स बैंक के संचालक अजय बंसल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण बोर्ड के सदस्य अरविंद गुप्ता, कृषक कल्याण परिषद के सदस्य संजय गुप्ता, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष रामदेव राम जिला, उर्दू अकादमी के सदस्य बदरुद्दीन इराकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, कमिश्नर डॉ संजय अलंग, ,आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, उरांव समाज के अध्यक्ष मंगल उरांव सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

### हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का किया गया आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गुरुवार को पीजी कालेज ग्राउंड हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत किया गया। बघेल यहां मूली पढ़हा उरांव समाज के तत्वाधान में आयोजित खद्दी परब (सरहुल परब) में शामिल होने अम्बिकापुर पहुंचे थे।

इस दौरान खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, संदीय सचिव एवं भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, गौ-सेवा आयोग के सदस्य अटल यादव,मदरसा बोर्ड के सदस्य इरफान सिद्दीकी, अपेक्स बैंक के संचालक अजय बंसल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण बोर्ड के सदस्य अरविंद गुप्ता, कृषक कल्याण परिषद के सदस्य संजय गुप्ता, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष रामदेव राम जिला, उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुद्दीन इराकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, कमिश्नर डॉ संजय अलंग, पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** गांधीनगर थाना क्षेत्र से स्कूटी चोरी कर आरोपी अपने घर के आस पास घुम रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार मनीषा बेक गांधीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह अपने घर के बाहर स्कूटी खड़ी की थी। इस दौरान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर व मुखबिर



की सूचना से जानकारी मिली की गंगापुर में एक संदिग्ध स्कूटी से घुम रहा है। पुलिस ने संदेही राकेश कुजूर को हिरासत में लेकर स्कूटी के संबंध में पूछताछ की तो वह चोरी करने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्कूटी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे, प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, आरक्षक अमृत सिंह, अरविन्द उपाध्याय, प्रविन्द्र सिंह शामिल रहे।

# मंदिरों में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** हनुमान जयंती पर मुख्य आयोजन शहर के स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में किया गया। हनुमान जयंती को लेकर मंदिर समिति द्वारा पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। गुरुवार की सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचना शुरू कर दिए थे। महावीर मंडल लोक न्यास समिति द्वारा सामूहिक पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर आरंभ हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। हनुमान जयंती को लेकर मंदिर समिति द्वारा पूरी तैयारी गई गई थी। मंदिर के पुजारी द्वारा पूजा अर्चना के बाद भजन कीर्तन का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान भक्तों ने हनुमान चालीसा का भी पाठ किया।





हनुमान जयंती के अवसर पर भक्त बजरंग बली के दर्शन करने विभिन्न मंदिरों में देर शाम तक पहुंचते रहे। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर के अलाव शहर के अन्य मंदिरों में भी हनुमान जी की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई। पूजा सुबह 5.30 बजे से शुरू हो गई थी। वहीं भंडारा वितरण सुबह 8 बजे से शुरू हो गई थी। जो देर रात तक चलता रहा।

# घटना के विरोध में दूसरे दिन भी बंद रहा सहकारी बैंक



-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह द्वारा रामानुजगंज में सहकारी बैंक के कर्मचारियों के साथ मारपीट किए जाने का मामले ने तूल पकड़ लिया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ ने घटना का विरोध दो दिनों से साहूहिक हड़ताल पर चले गए हैं। वहीं घटना के 3 दिन बाद बाद विधायक बृहस्पत सिंह ने गुरुवार को सहकारी बैंक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए रामानुजगंज में धरना पर बैठे हैं। गौरतलब है कि रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह द्वारा 3 अप्रैल को रामानुजगंज केन्द्रीय सहकारी बैंक के शाखा परिसर में बैंक के दो कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई थी। घटना का वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल हुआ था। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ ने घटना का विरोध शुरू कर दिया है। पिछले दो दिनों से सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर हैं। 5 व 6 अप्रैल को संभाग के लगभग 29 शाखाओं में ताला लटका रहा। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से दो दिनों में करीब 100 करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। वहीं 6 अप्रैल को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ अंबिकापुर द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से घटना के संबंध में राज्यापाल को अवगत कराते हुए कर्मचारियों को पूर्ण सुरक्षा की गारंटी प्रदान करने की मांग करते हुए विधायक द्वारा अनावश्क कर्मचारियों के मारपीट करने के संबंध में उचित कार्रवाई की मांग की है। वही हड़ताल के दूसरे दिन 6 अप्रैल को बैंक क्षेत्र के सभी 153 सहकारी समितियां भी समर्थन में बंद रही।

# मिलेट्स के प्रति जागरुकता लाने 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया भाग

» मिलेट्स के प्रति जागरुकता लाने मैराथन का आयोजन

-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर,06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में मिलेट्स मैराथन का आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रीतम राम विधायक लुण्ड्रा, डॉ. अजय तिर्की मेयर नगर निगम, डॉ. रमनेश मूर्ति डीन, डॉ. आरसी आर्या अस्पताल अधीक्षक, डॉ. लखन सिंह विभागाध्यक्ष मेडिसिन उपस्थित थे। जिसमें लगभग 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने 3.5 किमी का मैराथन दौड़ में भाग लिया। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पहनाकर एव प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद दौड़ में शामिल समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य रूप से आयोजकों द्वारा मिलेट्स थीम पर आधारित सेल्फी प्वाइंट बनाकर मिलेट्स का प्रदर्शन किया गया एव मिलेट्स से बनने वाले लगभग 50 से ज्यादा व्यंजनों के रेस्पी के बारे में पैंपलेट्स बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को मिलेट्स का नाश्ता भी कराया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति द्वारा मिलेट्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की योजनानुसार अब मिलेट्स को मोटे अनाज ना कहकर अब उसे अन्न कहा जाए। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को मिलेट्स का उपयोग करने हेतु लोगों में जागरूकता लाने को भी कहा। ताकि लोगों को इसमें मिलने वाले पोषण तत्व मिल सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में मिलेट्स के प्रति जागरूकता लाना था। इस दौरान डॉ. अर्पण सिंह चौहान सहायक अस्पताल अधीक्षक, सुमन सिंह डाइटिशियन, प्रियंका कुरील अस्पताल सलाहकार, दूरपति राज सहायक नर्सिंग अधीक्षिका, रश्मि मसीह सहायक नर्सिंग अधीक्षिका एव अन्य अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## 1216 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ एक आरोपी गिरफ्तार




-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** शहर के घुटरापरा रोड के पास एक व्यक्ति नशीली टेबलेट बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1216 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कोतवाली प्रभारी रूपेश नारंग को मुखबिर से जानकारी मिली की शहर के घुटरापारा के पास एक व्यक्ति नशीली टेबलेट बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस पुलिस मौके पर पहुंच कर संदेही को हिरासत में लेकर उसके पास रखे झोले की तलाशी ली तो 1216 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट पाया गया। जिसे जब्त कर पुलिस ने आरोपी चांदनी चौक निवासी नवीन गुप्ता उर्फ कर्फ्यू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 22(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजिबद्ध कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक अशोक मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, आरक्षक मंटू गुप्ता, शाहबाज अंसारी, समीनुल फिरदौशी, अतुल सिंह, कुंदन सिंह, शिव राजवाड़े शामिल रहे।

## महागिरिजाघर में पूण्य गुरुवार की संध्या हुई विशेष प्रार्थना



-नगर संवाददाता-

**अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** हम येशु को परम प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं हमारे उद्धार व मुक्ति के लिए ही यीशु पुनर्जीवित हो उठे व हमारे बीच में आये उक्त बातें पुन्य गुरुवार के दिन सांध्यकालीन कार्यक्रम के दौरान बिशप अंतोनी बड़ा ने कही।

पूण्य गुरुवार के दिन शाम 6 बजे से नवापारा स्थित महागिरिजाघर में धर्माध्यक्ष बिशप अंतोनी बड़ा व्हिकर जनरल विलियम उर्रे व पल्लीपुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर की आगुवाई में समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए। फ्रांसिस केरकेट्टा व सोसन गुलाब द्वारा बाइबिल पाठ का वाचन किया गया। आस्था के मुताबिक बिशप ने 12 चेलों के पैर धुलाये और पवित्र सक्रमेन्ट का जुलूस कार्यक्रम हुआ। रात्रि 8 बजे से इन कार्यक्रमों के बाद आराधना प्रारम्भ हु गई । इसमे सभी पारा टोला व संस्थानों द्वारा पारी-पारी अपनी प्रस्तुति दी।

बीच-बीच में भक्तिमय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति फादर पीटर खेस, फादर सुशील लकड़ा, फादर मुक्ति लकड़ा व संत अन्ना सिस्टर्स बिरनी बेड़ा की टीम ने भक्तों के बीच माहौल को दुखभोगमय बना रही थी। इस अवसर इस महापौर अजय तिर्की, पूर्व महापौर प्रबोध मिंज, काथलिक सभापति राजेन्द्र तिग्गा, बीरेंद्र टोप्पो, डॉ. रोजलिन, पंकज कुजूर, जगजीत मिंज, मुन्ना टोप्पो, अजय अरुण मिंज, प्रवीण मिंज, मोना केरकेट्टा, भानु खलखो फादर अमृत टोप्पो, फादर अनुरंजन सहित बड़ी संख्या में मसीहिजन उपस्थित थे।

# विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्य होना गौरव का विषय

-नगर संवाददाता-

**06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** भारतीय जनता पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को भाजपा सरगुजा ने शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर ध्वजारोहण कर गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की।

संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की उपस्थिति में वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने भाजपा के ध्वज का आरोहण किया। भाजपा स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान अंतर्गत अबकी बार मोदी सरकार लिख कर जिला अध्यक्ष द्वारा वॉल राइटिंग की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्य होना अत्यंत गौरव का विषय है, स्थापना दिवस पर भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी के रीति नीति और विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की पितृपुरुषों के त्याग परिश्रम और बलिदान के कारण हीं आज संगठन एक विशाल वट वृक्ष के रूप में खड़ा है, हमारा सौभाग्य है कि भाजपा का सदस्य होने के नाते हमें देश सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं जैसा समर्पण किसी दूसरे दल में नहीं हो सकता है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, अंबिकेश केसरी, आलोक दुबे, मधुसुदन शुक्ला, करता राम गुप्ता, हरपाल सिंह भामरा, राजकुमार बंसल, संतोष दास, रूपेश दुबे, रौशन गुप्ता, विद्यानंद मिश्रा, अरुणा सिंह, राजेंद्र जयसवाल अभिषेक शर्मा , विश्वविजय तोमर, गोपाल सिन्हा , सर्वेश तिवारी, दीपक यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## 11 हजार फीट की ऊंचाई पर कॉकपिट में दिखा कोबरा

### –पायलट से सूझबूझ से कर दी सुरक्षित लैंडिग

केपटाउन । हवा में उड़ रहे हवाई जहाज में बैठे सभी यात्रियों की जान पायलट के ही हाथ में होती है। पायलट की जरा सी गलती सैकड़ों लोगों की जान पर बन सकती है। इसी बीच एक ऐसा वाकया सामने आया, इस लेकर सभी पायलट की तारीफ कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के पायलट रुडोल्फ एरास्मस ने 11 हजार फीट ऊपर उड़ते विमान में अचानक कोबरा देखा। कोबरा कॉकपिट में ही था। इतने जहरीले सांप को देखने के बाद भी वह घबराए नहीं और शांति के साथ प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग करवाकर यात्रियों की जान बचा ली। दक्षिण अफ्रीका में एक घरेलू उड़ान को लेकर जब रुडोल्फ इरास्मस जा रहे थे, उन्हें अपनी सीट के नीचे कोई ठंडी चीज महसूस हुई। नीचे देखा तब पांच फीट लंबा कोबरा भाग रहा था। दुनिया के सबसे जहरीले सांपों में कोबरा की गिनती होती है। इरास्मस ने सूझबूछ से काम लिया और इसकी जानकारी यात्रियों को नहीं दी। उन्हें पता था कि अगर उन्होंने कोबरा के बारे में किसी और को बताया, तब दुर्घटना भी हो सकती है। उस समय विमान में पायलट को मिलाकर पांच ही लोग थे। इरास्मस ने बेहद धैर्य के साथ अपने साथियों को बताया कि कॉकपिट में सांप है। इसके बाद सबसे शांत रहने को कहा। उन्होंने धीरे से प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग करा दी। बता दें कि यह कोई बहुत बड़ा सवारी वायुयान नहीं था। पायलट ने तुरंत नजदीकी एयरपोर्ट से संपर्क किया और लैंडिंग की परमिशन मांगी। मामले को समझते हुए एयरपोर्ट से तत्काल लैंडिंग की इजाजत मिल गई। इसके बाद विमान को लैंड करा दिया गया। इरास्मस वॉरसेस्टर एयरफील्ज का विमान उड़ा रहे थे। बाद में कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने एक दिन पहले विमान के विंग्स के पास में कोबरा देखा था। बात में लोगों को लगा कि वह चला गया है। हालांकि कोबरा कॉकपिट में जा छिपा था। लैंडिंग के बाद कोबरा को कॉकपिट से निकाला गया।

## जापान का मिलिट्री हेलिकॉप्टर हवा में कैसे हो गया गायब? 10 लोग थे सवार, मची खलबली

जापान ने गुरुवार को कहा कि उसके दक्षिण–पश्चिम ओकिनावा द्वीप श्रृंखला के हिस्से मियाकोजिमा के पास कई चालक दल और यात्रियों को ले जा रहे एक सैन्य हेलीकॉप्टर से संपर्क टूट गया था। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके के अनुसार, यूएच60 टूप ट्रांसपोर्ट, जिसे आमतौर पर ब्लैक हॉक के रूप में जाना जाता है, मियाकोजिमा पर ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स बेस छोड़ने के बाद रडार ट्रैकिंग से गायब हो गया और रेडियो संचार का जवाब नहीं दिया। जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने एनएचके द्वारा प्रसारित टिप्पणियों में कहा कि सरकार की प्राथमिकता उन लोगों को बचाना है। जापानी तटरक्षक जहाज लापता हेलीकॉप्टर की तलाश कर रहे हैं, जो एनएचके के अनुसार 10 लोगों को ले जा रहा था। कुछ स्थानीय मीडिया ने बताया कि उनमें से एक वरिष्ठ ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स कमांडर था। जीएसडीएफ के अधिकारी तुरंत टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 8 आतंकवादी ढेर, एक सैनिक भी मारा गया

पेशावर । पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आतंकवादी ठिकाने पर रातभर अभियान चलाया गया, जिसमें 8 आतंकवादी मारे गए। कार्रवाई में एक पाकिस्तानी सैनिक की भी मौत हो गई। मीडिया के अनुसार इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक दक्षिण वजीरिस्तान जिले के शिनवारसाक इलाके में जानकारी के आधार पर एक अभियान (आईबीओ) चलाया गया, जिसमें सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। कार्रवाई में एक सैनिक की भी मौत हो गई। बयान के अनुसार सैनिकों ने प्रभावी ढंग से आतंकवादियों का मुकाबला किया। अभियान में दुर्दान्त आतंकवादी कमांडर जान मुहम्मद उर्फ चारघ सहित आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया। बयान में बताया गया कि वारदात के स्थल से हथियार और गोला–बारूद जब्त किए गए। ये आतंकवादी सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकवादी कृत्यों और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने जैसे कृत्यों में शामिल थे। बयान में कहा गया कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद का खात्मा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मारे गए आतंकवादी किस संगठन के थे, इसका पता लगाया जा रहा है।

## अमेजन कर्मचारियों के लिए स्टॉक कम करने की योजना बना रहा

सैन फ्रांसिस्को । बड़े पैमाने पर छंटनी के बाद, अमेजन अब कथित तौर पर 2025 में कर्मचारियों के लिए स्टॉक कम करने की योजना बना रहा है। यह कदम अमेजन के मुआवजे के दृष्टिकोण में संभावित बड़े बदलाव का संकेत देता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेजन ने प्रबंधकों से कहा है कि 2025 के लिए कर्मचारी स्टॉक पुरस्कार, जिसे प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयां या आरएसयू कहा जाता है, आर्थिक माहौल और कंपनी के बजट के कारण कम हो जाएगा। अमेजन प्लान फॉर स्टॉक वेरिएशन के लिए अगले वर्ष की पहली तिमाही में 2025 के मुआवजे का पुनर्मूल्यांकन करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अगले साल शुरू होने वाले दो साल के अनुदान चक्र को देखते हुए अंतिम दृष्टिकोण वर्ष 2025 को संदर्भित करता है। मेमो ने अमेजन के पे मॉडल में बदलाव की ओर भी संकेत दिया जो कर्मचारियों को अधिक नकदी देगा, एक ऐसा बदलाव जो इसके स्टॉक मूल्य में किसी भी संभावित कमजोरी के लिए बना सकता है। अमेजन के शेयर वर्तमान में 2018 और 2020 में लगभग समान स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि स्टॉक मूल्यवृद्धि की कमी के कारण कुछ कर्मचारियों को उनके आरएसयू–आधारित मुआवजे के मूल्य के बारे में शिकायत करनी पड़ी है। अमेजन के प्रवक्ता ने कहा कि अमेजन के वेतन ढांचे में बदलाव एक संभावना है। इस बीच, अमेजन ने अपने गेमिंग डिवीजनों में 100 से अधिक कर्मचारियों की छुट्टी कर दी है, जिसमें कंपनी में चल रही छंटनी के हिस्से के रूप में प्राइम गेमिंग, गेम ग्रोथ और अमेजन गेम्स शामिल हैं।

## ताइवानी राष्ट्रपति और अमेरिकी हाउस स्पीकर की मुलाकात से चिढ़ा चीन

वॉशिंगटन । ताइवानी राष्ट्रपति ने अमेरिकी हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी के साथ मुलाकात के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मुलाकात दिखाती हैं, कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर ताइवान अलग–थलग नहीं पड़ा है। लेकिन ताइवान का सबसे बड़ा दुश्मन चीन मुलाकात से बौखला गया है, और चीन ने जल्द ही कड़ी प्रतिक्रिया की धमकी दी है। रिपब्लिकन पार्टी के मैक्कार्थी ने कैलिफोर्निया में त्साई इंग–वेन का स्वागत किया। ताइवानी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका में दोनों पक्षों के नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है। ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच पिछले साल उस वक्त तनाव अपने चरम पर पहुंच गया था जब पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी ताइपे पहुंच गई थीं। त्साई इंग–वेन ने कहा कि उनकी (अमेरिकियों की) मौजूदगी और अटूट समर्थन ताइवान के लोगों को आश्वस्त करता है कि हम अलग–थलग नहीं हैं और हम अकेले नहीं हैं। 70 से अधिक वर्षों के स्व–शासन के बावजूद चीन ताइवान को अपने क्षेत्र के हिस्से के रूप में देखता है। वह जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक इस मेनलैंड चाइना में दुबारा मिलाने की कसम खा चुका है। बीजिंग ताइपे के अन्य देशों के साथ किसी भी तरह के आधिकारिक संबंधों का विरोध करता है। ताइवान को लेकर चीन वन चाइना पॉलिसी पर जोर देता है। त्साई और मैक्कार्थी की मुलाकात की तस्वीरें सामने आने के कुछ ही घंटों बाद चीन भड़क उठा और उसने कड़ी प्रतिक्रिया दी। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, अमेरिका और ताइवान के बीच मिलीभगत के गंभीर रूप से गलत कृत्यों के जवाब में चीन राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए दृढ़ और प्रभावी उपाय करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति बनने की रेस में शामिल मैक्कार्थी ने ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री जारी रखने की कसम खाई। पिछले साल मैक्कार्थी की पूर्ववर्ती स्पीकर डेमोक्रेट पेलोसी ने ताइवान का दौरा किया था। चीन ने न सिर्फ इस दौरे का विरोध किया था बल्कि आक्रामक धमकियां भी दी थीं। विरोध के रूप में चीन ने ताइवान का घिराव कर पानी में अपना सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू किया था। पेलोसी ने कैलिफोर्निया की बैठक की प्रशंसा की, जिसमें एक दर्जन से अधिक सांसदों, डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों ने भाग लिया।



पेरिस में फ्रांस के प्रधानमंत्री एलिसबेथ बोर्न व इंटर यूनियन के प्रतिनिधि एक होटल में पेंशन सुधार विधेयक पर बातचीत करते हुए।

## पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप मामले में पॉर्न स्टार स्टॉमी डेनियल को झटका

वॉशिंगटन । अमेरिका में इन दिनों एक कानूनी लड़ाई खूब सुर्खियों बढ़ोर रही है। एक ओर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं, तब वहीं दूसरी ओर पॉर्न स्टार स्टॉमी डेनियल है। ट्रंप पर 2016 के चुनाव अभियान के दौरान डेनियल को गुप्त भुगतान करने सहित 34 आरोप लगाए गए हैं। न्यूयॉर्क की एक अदालत में जज के सामने ज्यूरी आरोप लगा चुकी है, मामले में छानबीन अब शुरू हो गई है। लेकिन अमेरिका की एक दूसरी अदालत ने पोर्न स्टार डेनियल को ही बड़ा झटका दे दिया है। अदालत ने अपने फैसले में डेनियल को ट्रंप के खिलाफ मानहानि केस में 1,22,000 डॉलर का भुगतान करने के लिए कहा है। ट्रंप 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान एडल्ट फिल्मों की अभिनेत्री स्टार्मी डेनियल को मुंह बंद रखने के लिए पैसे देने के आरोपों से जुड़े आपराधिक मामले में सुनवाई के लिए मैनहट्टन की अदालत में आत्मसमर्पण करने पहुंचे थे। डेनियल ने आरोप लगाया था कि 2006 में ट्रंप के साथ उनका प्रेम संबंध था और 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले अपना मुंह बंद रखने के लिए उन्हें 1,30,000 डॉलर दिए गए थे। दूसरी ओर अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने यह फैसला सुनाया कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में 1,22,000 डॉलर के उनके कानूनी खर्च का भुगतान एडल्ट फिल्मों की अभिनेत्री डेनियल को करना होगा। ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मामले में सुनवाई की अगली तारीख चार दिसंबर तय की गईहै, इसमें ट्रंप को व्यक्तिगत रूप से पेश होना होगा। ट्रंप अमेरिकी के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर आपराधिक आरोप लगाए गए हैं।

# चीन और दक्षिण कोरिया मुंह ताकते रह गए, भारत ने धमक के साथ संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग में बनाई जगह

**अंकारा (एजेंसी)।** वैश्विक पटल पर भारत का डंका बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। बारत ने संयुक्त राष्ट्र सांख्यकी आयोग के चुनाव में जीत हासिल कर ली है। भारत अब अगले चार सालों तक संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन में सदस्य रहेगा। भारत ने एशिया प्रशांत क्षेत्र के तहत चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को चुनाव में पराजित करते हुए संयुक्त राष्ट्र के समन्वय बोर्ड का भी सदस्य चुना गया है। बता दें कि एचआईवी का समन्वय बोर्ड दुनियाभर में इस खतरनाक बीमारी पर निगरानी और इसे मिटाने में मदद देता है।




विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत को अगले साल एक जनवरी से शुरू होने वाले चार साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च सांख्यिकीय निकाय के लिए चुना गया है। जयशंकर ने कहा कि सांख्यिकी, विविधता और जनसांख्यिकी के क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता ने इसे संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग में स्थान दिलाया है। जयशंकर ने ट्वीट करते हुए कहा कि सांख्यिकी, विविधता और जनसांख्यिकी के क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता ने इसे संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग में एक सीट अर्जित की है। बधाई टीम- संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी मिशन एक प्रतिस्पर्धी चुनाव में इतनी मजबूती से आने के लिए।

जयशंकर ने कहा कि सांख्यिकी, विविधता और जनसांख्यिकी के क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता ने उसे संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग में स्थान दिलाया है। इस मामले के जानकार ने बताया कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के चुनाव में 53 में से 46 वोट हासिल करके शानदार जीत हासिल की। जबकि प्रतिद्वंद्वी कोरिया गणराज्य को 23 वोट, चीन को 19 वोट और संयुक्त अरब अमीरात को 15 वोट मिले। दो सीटों के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे।

## मुस्लिम देशों को नया रहनुमा बना चीन, अमेरिका को फूटी आंख पंसद नहीं आ रहा

**बीजिंग (एजेंसी)।** सालों की अदावत भूलकर सऊदी अरब और ईरान जैसे दो अलग-अलग ध्रुवों पर रहने वाले मुस्लिम देश रमजान के पवित्र महीने में साथ आए हैं। मार्च में ही दोनों देशों ने कूटनीतिक संबंधों की बहाली का फैसला लिया था। गुरुवार को दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने बीजिंग में मुलाकात की। 7 साल बाद दोनों देशों के नेताओं की यह कोई औपचारिक मीटिंग हुई है। सऊदी अरब की सरकारी मीडिया ने मुलाकात की तस्वीर साझा की है। इसमें सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमिर अब्दुल्लहियान के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों एक पारंपरिक चीनी पेंटिंग के सामने खड़े हाथ मिलाते दिख रहे हैं। इसके बाद वे एक कॉन्फ्रेंस रूम में मुलाकात के लिए जाते हैं। मार्च में ही सऊदी अरब और ईरान के बीच कूटनीतिक संबंधों की बहाली का फैसला लिया गया था। यह मीटिंग भी चीन के दखल के चलते ही हुई थी।

हालांकि बड़ा सवाल यह है कि दो इस्लामिक देशों में दोस्ती के लिए चीन आखिर क्यों इतना प्रयास कर रहा है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि चीन को लगता है कि ईरान और सऊदी अरब की दोस्ती कराने से चीन को प्रतीकात्मक लाभ होगा और तेल के तौर पर भी बड़ा फायदा मिलेगा। दोनों देश दुनिया के बड़े तेल उत्पादक हैं और चीन को लगता है कि इनसे संबंध बेहतर करने से तेल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा सऊदी अरब को अपने पाले में रखकर अमेरिका एक ओर ईरान को किनारे रख रहा था, वहीं मुस्लिम देशों में भी पैठ बनाए हुए थे।

चीन ने इन देशों में दोस्ती कराके अमेरिकी दखल को कम कर अपनी ताकत में इजाफा किया है। दरअसल बीते साल अप्रैल में ही शी जिनपिंग ने लगातार तीसरा कार्यकाल मिलने के बाद ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव की बात की थी। इसके तहत शी ने दुनिया भर में चीन की पैठ बढ़ाने और अमेरिका के मुकाबले एक वैकल्पिक ग्लोबल ऑर्डर तैयार करने का ऐलान किया था। इसके तहत चीन अब अरब और खाड़ी देशों में अपना दखल बढ़ाया है। वह इन्हीं देशों से अपनी जरूरत का 40 फीसदी कच्चा तेल भी आयात करता है।

दिसंबर में ही जिनपिंग ने सऊदी का भी दौरा किया था। दशकों बाद किसी चीनी राष्ट्राध्यक्ष की यह सऊदी अरब की विजिट थी। इस दौरे से ही साफ हो गया था कि चीन अब मुस्लिम देशों में रिश्तों की नई इबारत लिखने की तैयारी में है। सऊदी अरब का रुख भी पिछले कुछ महीनों से बदला दिख रहा है। बीते साल ही उसने रूस के साथ एक समझौता करते हुए तेल उत्पादन में कटौती का फैसला कर लिया था। इस पर अमेरिका ने ऐतराज भी जताया था, लेकिन सऊदी अरब पीछे नहीं हटा था। तभी से माना जा रहा है कि सऊदी अरब अमेरिका की बजाय चीन और रूस के ब्लॉक में जाता दिख रहा है।

### जयशंकर ने आतंकवाद पर इस्लामाबाद को दिखाया आईना, बौखलाए पाकिस्तान ने लगाया कूटनीतिक मोर्चे पर बदनाम करने का आरोप

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा इस्लामाबाद को उसकी आतंकवाद की नीति पर आईना दिखाने के बाद से पाकिस्तान परेशान है। तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान इन दिनों इस्लामाबाद के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गया है। पाकिस्तान की उप विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार ने भारतीय नेतृत्व पर पाकिस्तान के प्रति 'बेतुके जुनून' का आरोप लगाया है। पाकिस्तान की तरफ से भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया आई है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को फैंकस्टीन राक्षस बताया था। पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने कहा कि पाकिस्तान को कूटनीतिक मोर्चे पर बदनाम करने और अलग–थलग करने की कोशिशों के बाद भारतीय नेता आर्मचेयर पंडित बन गए हैं। पाकिस्तान पर ध्यान केंद्रित करके वो अपने देश के विकास की अनदेखी कर रहे हैं। कट्टर हिंदुस्तव विचारधारा की वजह से भारत का सामाजिक ढांचा बर्बाद हो रहा है। खार ने कहा कि सिंधु जल संधि के लिए भारत के पत्र का पाकिस्तान ने जवाब दिया है। पाकिस्तान संधि के लिए अच्छी भावना के साथ प्रतिबद्ध है। विश्व बैंक के अच्छे कार्यालयों के माध्यम से 1960 में हस्ताक्षरित भारत जल संधि देशों के बीच कटु संबंधों के उलटफेर से बची रही। एक अन्य सवाल के जवाब में बलूच ने कहा कि पाकिस्तान ने संचार के प्रासंगिक माध्यम का इस्तेमाल किया, जहां हमारे सिंधु आयुक्त ने अपने भारतीय समकक्ष को पत्र भेजा।

## रमजान के दौरान अल-अक्सा मस्जिद बनी जंग का मैदान, जमकर दागे रॉकेट

**यरुशलम (एजेंसी)।** इजरायली पुलिस ने बुधवार सुबह पुराने यरुशलम शहर में स्थित अल-अक्सा मस्जिद पर धावा बोल दिया। जिसके जवाब में फिलिस्तीनी युवकों ने ग्रेनेड दागे। उधर, गाजा के उग्रवादियों ने दक्षिणी इजरायल पर रॉकेट दागे, जिसके बाद इजरायल ने हवाई हमले किए। हिंसा की ये घटनाएं ऐसे समय में हुई हैं जब मुसलमान पवित्र महीना रमजान मना रहे हैं। वहीं यहूदी सप्ताह भर चलने वाले पासोवर त्योहार की तैयारियों में लगे हैं। इन घटनाओं से दोनों पक्षों के बीच टकराव के और तेज होने की आशंका पैदा हो गई है। दो साल पहले भी इजरायल और हमास के बीच इसी तरह की झड़पें हुई थीं और उसके बाद 11 दिनों तक युद्ध चला था। इजरायली सेना ने कहा कि कब्जे वाले पश्चिमी तट में एक अलग घटना में एक सैनिक को गोली मार दी गई।

गौरतलब है कि अल-अक्सा मस्जिद एक संवेदनशील पहाड़ी पर स्थित है जो यहूदियों और मुसलमानों दोनों के लिए पवित्र स्थान है। अल-अक्सा इस्लाम में तीसरा सबसे पवित्र स्थल है और रमजान के दौरान श्रद्धालुओं की यहां काफी भीड़ रहती है। आधिकारिक फलस्तीनी समाचार एजेंसी वफा ने कहा कि रात में दर्जनों श्रद्धालु मस्जिद के अंदर थे और पुलिस की कार्रवाई में वे घायल हो गए। इजरायली पुलिस ने कहा कि कई युवा और नकाबपोश प्रदर्शनकरी पटाखों, डंडों और पत्थरों से लैस थे तथा वे कानून का उल्लंघन कर रहे थे। पुलिस के अनुसार इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने कार्रवाई की। पुलिस ने कहा कि युवकों ने भड़काऊ नारे लगाए और मुख्य दरवाजे को बंद कर दिया।

# बिलावल भुट्टो पर इमरान खान का तगड़ा हमला, कहा- ऐसे लोग देश के प्रति वफादार नहीं हैं

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने मार्शल लॉ पर अपनी टिप्पणी के लिए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे लोग देश के प्रति वफादार नहीं हैं। द न्यूज इंटरनेशनल ने खान के हवाले से कहा कि जो लोग मार्शल लॉ देखना चाहते हैं, वे देश के प्रति वफादार नहीं हैं। इससे पहले सोमवार को बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा था कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करेगा, जिसने पंजाब प्रांतों में चुनाव के लिए 14 मई की तारीख तय की थी। द न्यूज इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस मामले पर एक पूर्ण अदालत की पीठ के गठन की मांग करते हुए कहा कि अगर इसका गठन नहीं किया जाता है, तो इससे देश में मार्शल लॉ या आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। इमरान खान ने दावा किया कि फैसले के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन सुप्रीम कोर्ट के जजों के परिवारों के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है। उन्होंने कहा



कि देश में कानून का राज कायम है। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान तोशखाना मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। वह तोशखाना नामक सरकारी डिपॉजिटरी से रियायती मूल्य पर प्रीमियर के रूप में प्राप्त एक महंगी ग्रेफ कलाई घड़ी सहित उपहार खरीदने और लाभ के लिए उन्हें बेचने के लिए निशाने पर है। बिक्री का विवरण साझा नहीं करने के कारण इमरान खान को पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा अयोग्य घोषित कर दिया गया था। चुनाव निकाय ने बाद में देश के प्रधान मंत्री के रूप में प्राप्त उपहारों को बेचने के लिए आपराधिक कानूनों के तहत उन्हें दंडित करने के लिए जिला अदालत में शिकायत दर्ज की गई।

### ऑस्ट्रेलिया ने भी लगाई टिकटॉक के इस्तेमाल पर रोक

सिडनी । चीनी शॉर्ट वीडियो ऐप टिकटॉक के इस्तेमाल पर इंडिया के बाद अब आस्ट्रेलिया ने भी रोक लगा दी है। अब चीनी ऐप को किसी भी सरकारी कर्मचारी या ऑस्ट्रेलियाई सांसदों के फोन, कम्प्यूटर पर इंस्टॉल नहीं किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और फ्रांस भी सुरक्षा कारणों से टिकटॉक पर ऐसा ही प्रतिबंध लगा चुके हैं। आस्ट्रेलिया सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए तुरंत प्रभाव से इस फैसले को अमल में लाने का आदेश दिया है। हालांकि टिकटॉक की पेरेंट कंपनी बाइट डांस ने जासूसी के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। आस्ट्रेलियाई टॉर्नी–जनरल मार्क ड्रेफस ने खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की सलाह लेने के बाद मंगलवार को प्रतिबंध की घोषणा करते हुए कहा कि इस आदेश का 'जितनी जल्दी संभव हो सके' लागू किया जाएगा।

# मुझे भरोसा है आप ऐसा कर सकते हैं, मैक्रों ने बीजिंग यात्रा पर जिनपिंग से की जंग रुकवाने की अपील, जवाब में चीनी राष्ट्रपति ने ये कहा

**बीजिंग (एजेंसी)।** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने चीन के राट्रपति शी जिनपिंग से रूस के साथ तर्क करने और यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने में मदद करने का आग्रह किया है। बता दें कि बीजिंग में उच्च-स्तरीय बैठक के लिए इमैनुएल मैक्रों 3 दिन की यात्रा पर बीजिंग पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने जिनपिंग से रूस-यूक्रेन जंग पर चर्चा की। उन्होंने जिनपिंग से रूस को जंग रुकवाने के लिए तैयार करने की अपील की। जिसके जवाब में जिनपिंग ने भी आश्वासन देते हुए कहा है कि चीन अपनी तरफ से इस बारे में पूरी कोशिश कर रहा है।

ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल के बाहर चीनी राष्ट्रपति के साथ बैठक से पहले मैक्रों ने शी से कहा कि यूक्रेन में रूसी आक्रमण ने (अंतरराष्ट्रीय) स्थिरता को झटका दिया है। मुझे पता है कि मैं आप पर भरोसा कर सकता हूं कि रूस को तर्क के लिए वापस लाया जाए और सभी को बातचीत की मेज पर वापस लाया जाए। मैक्रों ने शी से परमाणु हथियारों के अप्रसार पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने के लिए रूस पर दबाव डालने को भी कहा। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि वह यूक्रेन के पड़ोसी बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों को तैनात करेंगे, इस कदम को साल भर चलने वाले खूनी संघर्ष में खतरनाक वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है।

यूरोपीय संघ के प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ मैक्रॉन की यात्रा बीजिंग के साथ एक रुके हुए निवेश समझौते से लेकर यूक्रेन के आक्रमण पर रूस की निंदा करने के लिए चीन की अनिच्छा तक के मुद्दों पर वर्षों से चली आ रही खटास के बाद आई है। जिनपिंग से मिलने से पहले मैक्रों ने चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मुलाकात की है। ग्रेट हॉल में पहुंचने पर फ्रेंच राष्ट्रपति को 21 तोपों की सलामी दी गई। वहीं ब्रास बैंड ने दोनों देशों के नेशनल एंथम बजाए।



# 2018 में पूर्व कैबिनेट मंत्री व 2023 में संसदीय सचिव ने एक ही पंचायत सचिव के साथ की अभद्रता...यह कैसा संयोग?

- » ब्राह्मण समाज से आने वाले पंचायत सचिव ने संसदीय सचिव के द्वारा की गई अभद्रता की शिकायत ब्राह्मण समाज के साथ साथ मुख्यमंत्री,विधानसभा अध्यक्ष व सांसद से की
- » पंचायत सचिव के साथ अभद्रता को लेकर विधायक एक बार फिर हो रही ट्रोल
- » क्या सचिव विधायक को ब्राह्मण समाज विरोधी बताने का कर रहे प्रयास?
- » सचिव को विधायक ने व्यक्तिगत लगाया फटकार तो फिर समाज को बीच में क्यों जोड़ रहे ग्राम पंचायत सचिव?
- » सचिव अपने संघ व अपने विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बजाए इधर-उधर कर रहे शिकायत, आखिर क्यों?
- » शिकायत पुलिस तक पहुंचने से पहले सचिव के पास आया कथन के लिए फोन,जब शिकायत लेकर पहुचें थाने तो शिकायत लेने क्यों की इंकार?

## विधायक द्वारा पंचायत सचिव को गाली गलौज व प्रताड़ित करना निंदनीयःसौभाग्यवती सिंह कुसरो

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर,06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** अभिलेख जाँच करा जेल भेज दूंगी तुम लुच्चा हो लफंगा हो घर बैठ कर ताश की पत्ती फेंको,नौकरी करने से तुमको क्या मतलब है? हड़ताल चल रहा है हड़ताल से वापस आओ तब तुम्हे बताती हूँ तुम यह समझ लो की मेरा कार्यकाल अभी 08 (आठ) माह है इसके बाद भी मै यही रहूंगी मै कहीं नहीं जाउंगी और तुम्हारा जानकारी लेती रहूंगी यह बात विधायक ने पंचायत सचिव से कही यह आरोप सचिव ने अपने क्षेत्र की विधायक पर लगाया है।

कोरिया जिला पंचायत के अंतर्गत जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत खोंड में पदस्थ सचिव के द्वारा स्थानीय विधायक व संसदीय सचिव पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि उन्होंने फोन पर गाली गलौज की है यह मामला इस सचिव के साथ कोई पहला नहीं है भाजपा कार्यकाल में 2018 में भी कैबिनेट मंत्री रहे भईयालाल राजवाड़े पर भी आरोप इनके द्वारा लगाया गया था, जो मीडिया में सुर्खियां बना रहा और कहीं ना कहीं भईयालाल राजवाड़े को राजनीतिक नुकसान पहुंचाया। अब सवाल यह है कि यह घटना को दूसरी बार उक्त ग्राम पंचायत सचिव के साथ घटी है वह एक संयोग है या फिर सच में घटी है? क्योंकि 2018 में भी जब भाजपा सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े थे उस समय भी ग्राम पंचायत तेंदुआ में पदस्थ रहे राम सुशील पांडे को जूते से मारने की बात की गई थी, जिस पर सारे मीडिया व अखबारों में यह खबर भी प्रकाशित की गई, अब खोंड ग्राम पंचायत में पदस्थ रहते हुए स्थानीय विधायक व संसदीय सचिव अपने किसी कांग्रेसी नेता को भेजकर राम सुशील पांडे को गाली गलौज व धमकी उसके ही मोबाइल से दी हैं जिसकी शिकायत सोशल मीडिया में वायरल हो रही है वही ब्राह्मण समाज को आहत पहुंचाने की बात कही जा रही है पर वहीं एक वर्ग का यह भी मानना है कि यह मामला व्यक्तिगत है ना कि सामाजिक।

### ग्राम पंचायत सचिव के शिकायत पत्र में स्थानीय विधायक व संसदीय सचिव पर गंभीर आरोप है

प्रार्थी रामसुशील पाण्डेय आ. स्व. श्री समयलाल पाण्डेय, ग्राम/पोस्ट-रनई, तहसील- बैकुन्ठपुर, थाना-पटना, जिला कोरिया के शिकायत के अनुसार स्थानीय विधायक व संसदीय सचिव पर गंभीर आरोप लगाया गया है सचिव के शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत खोड़ जनपद पंचायत बैकुन्ठपुर में सचिव पद पर 2021 से पदस्थ हूँ। पूर्व सरपंच, सचिव के कार्यकाल वर्ष 2018 में ग्राम पंचायत खोड़ के बाहर के ठेकेदार द्वारा स्ट्रीट लाईट लगवाया गया था। जिसकी राशि दिनांक 23/07/2021 को ग्राम पंचायत खोंड़ के खाते में इन्द्राज होने के पश्चात ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत में बिल लेकर चेक हेतु आया, तब स्थानीय विधायक एवं उनके पीए द्वारा चेक न देने हेतु मेरे ऊपर दबाव बनाया गया और यह कहा गया की चेक काटोगे तो मैं तुम्हें नौकरी से हटा दूंगी तुम्हारा अभिलेख जाँच कर तुम्हे जेल भेज दूंगी, मै भयभीत हो कर दो माह तक चेक नहीं काटा तब हमारे उच्च अधिकारीयों द्वारा चेक काटने को बोला गया तो चेक श्री राघव इंटर प्राइजेज के नाम पर चेक काट दिया गया, तब स्थानीय विधायक द्वारा अपने घर बुला कर बहुत गाली गलौच किये मै डर से किसी को नहीं बतलाया। ग्राम पंचायत खोंड़ के वर्तमान सरपंच श्रीमती ललिता सिंह पति संतोष सिंह द्वारा अपने ही निजी तालाब में घाट निर्माण कार्य कराया गया हैं जिसकी राशि ग्राम पंचायत के खाते की राशि से भुगतान करने हेतु सचिव को दबाव दिया जाता हैं, भुगतान नहीं करने पर ग्राम पंचयत सोरगा के उप सरपंच राजेश कुशवाहा एवं खोड़ के सरपंच द्वारा क्षेत्रीय विधायक को शिकायत किये की तालाब में किये घाट निर्माण कार्य का भुगतान सचिव द्वारा नहीं किया जा रहा है, तब क्षेत्रीय विधायक द्वारा फोन में सचिव के पास पूछ-ताछ किया गया, सचिव के द्वारा जानकारी दिया गया की सरपंच जी द्वारा अपने निजी तालाब में घाट निमार्ण कार्य कराया गया है जिसका शासकीय राशि से भुगतान नहीं किया जा सकता, उसके पश्चात क्षेत्रीय विधायक द्वारा दिनांक 18/03/2023 को रात मे लगभग 08 बजे अपने,फोन से बहुत गाली गलौच किये, इसके बाद दिनांक 19/03/2023 को सुबह लगभग 11 बजे स्थानीय विधायक द्वारा विक्रम सिंह (मोनू) के मोबाईल से पुनः गाली गलौच करते मुझे बोले की तुम अपने आप को क्या समझते हो तुम्हे उठवा कर कलकत्ता भेज दूंगी, तुम्हारा पूरा अभिलेख जाँच करा के जेल भेज दूंगी तुम लुच्चा हो लफंगा हो घर बैठ कर ताश की पत्ती फेंको, नौकरी करने से तुमको क्या मतलब है, अभी हड़ताल चल रहा है हड़ताल से वापस आओ तब तुम्हे बताती हूँ तुम यह समझ लो की मेरा कार्यकाल अभी 08 (आठ) माह है इसके बाद भी मै यही रहूंगी मै कहीं नहीं जाउंगी और तुम्हारा जानकारी लेती रहूंगी। मैं बी.पी.,सुगर, हार्ट का मरीज हूँ और में बहुत ही ज्यादा भयभीत हो गया हूँ मुझे डर है की कभी भी श्रीमती अम्बिका सिंह देव के द्वारा कभी भी किसी रूप में हानि पहुचा सकती है।



### विधायकों का गुंडागर्दी चरम पर पहुंच गई है

विधायक द्वारा पंचायत सचिव को गाली गलौज व प्रताड़ित के मामले में जनपद पंचायत बैकुंठपुर की अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि घटना निंदनीय, छत्तीसगढ़ मैं जब से कांग्रेस की सरकार आई है विधायकों का गुंडागर्दी चरम पर पहुंच गई है हमारे जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के ग्राम पंचायत खो के सचिव के साथ गाली गलौज व प्रताड़ित बैकुंठपुर विधायक अंबिका सिंह देव के द्वारा की गई है जिसकी मैं घोर निंदा करती हूं एक महिला विधायक के द्वारा इस तरह से कृत्य करना अशोभनीय वह निंदनीय है मैं जनपद पंचायत की अध्यक्ष होने के नाते अपने पंचायत सचिव को प्रताड़ित करने का पुरजोर विरोध करती हूं बैकुण्ठपुर विधायक के द्वारा लगातार जनपद पंचायत के कार्यों में दखलंदाजी किया जाता है जिससे हम जनपद पंचायत जनप्रतिनिधि आहत है इसी प्रकार विगत कुछ माह पूर्व जनकपुर के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के द्वारा भी पंचायत सचिव को प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसे पंचायत सचिव के द्वारा आत्महत्या कर लिया गया अगर विधायक का रवया इसी प्रकार रहा तो हमें विधायक के खिलाफ आंदोलन हेतु बाध्य होना पड़ेगा जिला युवा कांग्रेस कोरिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत पोस्टकार्ड अभियान जवाब दो मोदी जी का किया विमोचन।

### कई बार शिकायत पुलिस तक पहुंचने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होती,बिना शिकायत पहुंचे भी बयान के लिए बुला गया कैसे?

ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा किए गए विधायक के खिलाफ शिकायत मामले में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहें हैं। कई बार पुलिस के पास शिकायत जाने के बाद भी पुलिस तत्परता नहीं दिखाती और मामले में जांच या बयान को लेकर ढुलमुल रवैया अपनाती है लेकिन मामला विधायक के खिलाफ शिकायत से जुड़ी है इसलिए पुलिस की तत्परता अलग नजर आई और पुलिस ने ग्राम पंचायत सचिव को बयान दर्ज करने का बुलावा भेजा है जबकि शिकायत पुलिस तक पहुंच भी नहीं पाई थी और बुलावा आ गया। राम सुशील पांडे ने बताया कि मेरी तबीयत खराब थी इस वजह से मैं थाना नहीं गया था जब मैं 6 अप्रैल को थाना गया तो थाने में मेरी शिकायत लेने से मना किया गया, पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है पर मुझे यह समझ नहीं आया कि जब मैं शिकायत लेकर थाना पहुंचा ही नहीं तो पांडवपारा पुलिस सहायता केंद्र से मुझे बयान देने के लिए क्यों बुलाया गया और जब मैं शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो शिकायत लेने से मना क्यों किया गया?

### आखिर चुनाव के अंतिम समय में ही जनप्रतिनिधियों की ऐसी शिकायत क्यों आती है?

लगातार देखा जा रहा है की जैसे जैसे चुनाव की तिथियां नजदीक आती हैं वैसे ही विधायक या जनप्रतिंधियों की शिकायत भी आने लगती है अब इसके पीछे की वजह क्या है यह सोचने वाली बात है। वैसे माना जाए तो ऐसा इसलिए भी होता है की विधायक 4 साल अपने क्षेत्र की जनता से दूरी बनाए रखते हैं और इस बीच अपने ही कामों में व्यस्त रहते हैं और जब चुनाव समीप आता है और जनता के बीच वह जाते हैं और जनता किसी मामले में शिकायत करती है तो वह अधीर हो जाते हैं और इसी दौरान उनका गुस्सा उनपर हावी हो जाता है और इस तरह की घटनाएं घट जाती हैं।

### लगातार जनसंपर्क करें जनप्रतिनिधि तो नहीं आएगी ऐसी नौबत

इस मामले में बाद यह बात समझ में आती है की यदि जनप्रतिनिधि लगातार पूरे 5 साल यदि जनता की सुध ले और उनकी समस्याओं को सुनने की कोशिश कर निराकरण का प्रयास करें तो ऐसी नौबत नहीं आएगी की ऐन चुनाव के वक्त उन्हे इस तरह का व्यवहार किसी कर्मचारी के साथ करना पड़े क्योंकि कर्मचारी भी सजग बना रहेगा और अपना काम समय पर पूरा करता रहेगा।

### क्या समाज दिलाएगा न्याय या फिर न्याय के रास्ते पर ही चलना होगा?

मामले में ग्राम पंचायत सचिव ने शिकायत ब्राह्मण समाज के समक्ष भी की है सचिव ने मामले को सामाजिक रंग क्यों दिया है यह तो वही जाने लेकिन लोगों का मानना है की सचिव ने पूरे मामले से समाज को जोड़ने का प्रयास इसलिए किया है क्योंकि इससे विधायक को समाज का दोषी साबित किया जा सके और जिससे विधायक को नुकसान हो चुनाव में। वैसे समाज क्या न्याय दिलाएगा और किस तरह न्याय दिलाएगा यह अलग विषय है लेकिन न्याय न्याय के रास्ते ही चलकर मिलेगा यही कहा जा सकता है।

### सचिव के साथ यदि गलत हुआ है तो पहले पुलिस के पास जाना चाहिए या फिर समाज के मुखिया के पास?

मामले में सचिव ने सबसे पहली शिकायत समाज के समक्ष की है जबकि उन्हे पुलिस के समक्ष और अपने उच्च अधिकारियों के समक्ष पहली शिकायत दर्ज करानी थी। सचिव ने ऐसा क्यों किया यह वही बता सकते हैं लेकिन उनके द्वारा ब्राह्मण समाज को किए गए शिकायत से यह जरूर समझा जा सकता है की उनकी मंशा विधायक को पूरे ब्राह्मण समाज का दोषी निरूपित करना है और वह इसीलिए पहले समाज के समक्ष शिकायत दर्ज किए हैं।

### सचिव के साथ घटित मामला सही है तो क्या संघ आएगा सामने?

मामले में सचिव के साथ घटी घटना में क्या संघ सामने आएगा। सचिव के लिए दो संघ समाने आने योग्य हैं जिनमे एक ब्राह्मण समाज का संघ है और दूसरा सचिव संघ दोनो को ही मामले की जानकारी है और अब देखना है की कौन सचिव के साथ खड़ा होता है। अभी तक ब्राह्मण समाज साथ ही सचिव संघ दोनो मामले से अनभिज्ञ जैसे बने हुए हैं।

# यह कैसा जश्न,आर्थिक गड़बड़ी के अपराध में जमानत मिलने पर फूटे पटाखे?

- » क्या अपराध में केवल जमानत मिलने मात्र से आरोप समाप्त हो जाते हैं?
- » भाजयुमो कोरिया जिलाध्यक्ष को जमानत मिलने पर फोड़े गए पटाखे,किया गया जिलाध्यक्ष का स्वागत।
- » अपराध दर्ज होते ही फरार चल रहे भाजयुमो जिलाध्यक्ष को बताया जा रहा टाइगर
- » क्या टाइगर डर कर भागने छुपने का रखता है दम,क्या टाइगर छिपता है डरकर?
- » जिला भाजपा ने भी आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष को दिया जमानत लेने का भरपूर समय
- » आरोप लगने अपराध दर्ज होने के बाद महीनो से फरार चल रहे भाजयुमो जिलाध्यक्ष को से नहीं किया पद से पृथक।
- » क्या राजनीति में अपराध दर्ज होने उपरांत ही बनते हैं लोग टाइगर?






-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर,06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** टाइगर अभी जिंदा है, टाइगर वापस आया ,जंगल में टाइगर दिखा यह आजकल आम रूप से जिले में सुना जा रहा है और लोग टाइगर की खबरें सुनकर भयभीत भी हो रहें हैं की कहीं उनका सामना असली टाइगर से न हो जाए और उन्हे वह नुकसान न पहुंचा जाए वहीं अभी एक और टाइगर की चर्चा सोशल मीडिया पर देखी सुनी जा सकती है जो जमानत मिलने पर घर वापसी किए हैं और जिसको लेकर सोशल मीडिया में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर पोस्ट डाला है और लिखा है टाइगर इस बैक।

यह टाइगर जिसे भाजयुमो कार्यकर्ता टाइगर बता रहें हैं और कोई नहीं भाजयुमो कोरिया के जिलाध्यक्ष हैं जो आर्थिक गड़बड़ी के आरोप में फरार चल रहे थे और जिन पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज था और जिसमे उन्हे जमानत मिली है और उसी के बाद से उन्हे टाइगर बताया जा रहा है। वैसे टाइगर का चरित्र छिपने और भागने का नहीं होता और वह डटकर मुकाबला करता है और किसी की सहायता भी नहीं लेता लेकिन भाजयुमो जिलाध्यक्ष कोरिया को टाइगर बताने के पीछे के मामले में जाएं तो यह समझा जा सकता है की वह अपराध दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे और किसी अधिवक्ता के सहारे उन्हे जमानत मिल सकी। पूरे मामले में अभी भाजयुमो जिलाध्यक्ष अपराध मुक्त नहीं हुए हैं और केवल जमानत पर उन्हे खुली हवा में घूमने की छूट मिली है और मामले का अंतिम निराकरण अभी आना बाकी है।

### सोशल मीडिया पर लिखा गया टाइगर वापस आया

भाजयुमो जिलाध्यक्ष को जमानत मिलते ही भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर टाइगर वापस आया का जमकर पोस्ट साझा किया और भाजयुमो जिलाध्यक्ष को जिन पर आर्थिक धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है उन्हे टाइगर बताया गया। सोशल मीडिया पर टाइगर वापस आया पोस्ट की बाढ़ सी देखी गई और कुछ समय के लिए यही लगा की सचमुच ही टाइगर वापस आ गया और लोग जंगल वाला टाइगर समझ बैठे, वह तो जब किसी ने खुलकर टाइगर किसे कहा जा रहा है लिखा तब जाकर पता चल सका की टाइगर कोई और नहीं भाजयुमो जिलाध्यक्ष हैं। वैसे भी अभी जिले में और आसपास के जिले में टाइगर की अफवाह फैली हुई है और लोग उसी टाइगर की वापसी समझ बैठे।

### फोड़े गए पटाखे पहनाई गई माला हुआ स्वागत

आर्थिक धोखाधड़ी जो एक आदिवासी समुदाय के व्यक्ति के साथ हुआ है मामले में आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष कोरिया को जमानत मिली और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर जिलाध्यक्ष को टाइगर बताते हुए भाजपा कार्यालय के समाने पटाखे फोड़े और जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया। सवाल यह उठता है की क्या यह सही कहा जा सकता है क्योंकि मामला अभी विचाराधीन है और पीड़ित आदिवासी समुदाय के व्यक्ति को न्याय मिलना बाकी है और ऐसे में इस तरह का जश्न समझ से सभी के परे रहा।

### भाजपा की रीति नीति के विरुद्ध रहा भाजयुमो कार्यकर्ताओं का यह स्वागत कार्यक्रम

भाजयुमो जिलाध्यक्ष का स्वागत सम्मान जिस तरह से भाजपा कार्यालय में किया गया वह भाजपा की रीति नीति के विरुद्ध रहा क्योंकि एक तरफ जहां प्रधानमंत्री जो स्वयं भाजपा के शीर्ष नेता हैं भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं करने की बात कह रहे हैं और कार्यवाही की बात कर रहें हैं वहीं एक आर्थिक धोखाधड़ी मामले में आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष का ही बिना दोषमुक्त हुए भाजपा कार्यालय में स्वागत हो रहा है जो साबित करता है की जिला भाजपा प्रधानमंत्री की बातो से इत्तेफाक नहीं रखता और वह उनकी बातों को नजरंदाज करता है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष को दिया जमानत लेने का भरपूर समय,पद से नहीं किया पृथक

भाजपा जिलाध्यक्ष ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष कोरिया को भरपूर समय दिया और उन्हे जमानत मिलने तक पद से पृथक नहीं किया जो साबित करता है की भाजपा कोरिया भाजपा की रीति नीति के विरुद्ध कार्य कर रही है और धोखाधड़ी जैसे मामले में आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष को शरण दे रही है।

## निधन



.स्व. श्रीमती चैनी देवी शर्मा

**पटना ,06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** पटना के प्रतिष्ठित व्यवसायी गोपाल शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा की माँ स्व. श्रीमती चैनी देवी शर्मा 93 वर्ष का बुधवार शाम की शाम को आकस्मिक निधन हो गया, गुरूवार को पटना के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र गोपाल शर्मा द्वारा दिया गया वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं, उनकी अंतिम यात्रा में परिवार के सदस्यों, नात रिश्तेदारों के साथ साथ काफी संख्या में गणमान्य शामिल हुए।

# 12वीं कक्षा की छात्रा ने घर में लगाई फांसी



### पुलिस ने मामला किया दर्ज

-संवाददाता-

**कोरबा 06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक स्थान पर किशोरी के द्वारा खुदकुशी कर ली गई। वह कक्षा बारहवीं की छात्रा थी, जिसे कुछ समय पहले एक महिला अधिवक्ता ने गोद लिया था। घटना के दौरान छात्रा घर पर अकेली थी उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसने यह कदम क्यों उठाया इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। खबर प्राप्त होने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और फंदे से उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम करने के साथ इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# उत्साह के साथ भक्तों ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम

-उपेश सिन्हा-

**कुसमी 06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर भक्तों ने कुसमी ब्लाक क्षेत्र में कई कार्यक्रम का आयोजन कर धुमधाम से उत्साह के साथ हनुमान भगवान का जन्मोत्सव मनाया , हनुमान मंदिरों विधिवत पुजा अर्चना भी की गई,जानकारी के मुताबिक् भगवान हनुमान का जन्म चैत्र पूर्णिमा के दिन ही होना बताया जाता है और हर वर्ष चैत्र पुर्णिमा के दिन बड़े ही धुमधाम से भक्त भगवान हनुमान का जन्मोत्सव मनाते है ,वही हनुमान जन्मोत्सव पर पर जिरहुल ग्राम में भगवान के मन्दिर का निर्माण कर मुर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जहाँ संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक चिंतामणी महाराज भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष उदेश्वरी पैकरा जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह,जनपद पंचायत अध्यक्ष हुमन्त सिंह, अशोक सोनी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आम जन शामिल होकर उत्साह के साथ हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया,वही कुसमी संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर मन्दिर में विधिवत पुजा अर्चना किया गया और भव्य भंडारे का आयोजन भक्तों ने किया,काफी संख्या में लोगो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया, हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रदीप कश्यप,आनंद जायसवाल,विनोद गुप्ता, विकेश साहू,दिपेश जायसवाल,मुकेश कश्यप सहित अन्य भक्तों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## पार न लगोगे श्रीराम के बिना...राम न मिलेगें हनुमान के बिना...

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर,06 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** हनुमान जयंती पर क्षेत्र में जगह-जगह विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और पूरा शोभा यात्रा भगवा रंग में रंग गया। क्या कांग्रेस क्या भाजपा सभी दल के लोग एक साथ हनुमान जयंती के शोभा यात्रा में शामिल हुये।

गुरुवार को धुमधाम के साथ हनुमान भक्तों द्वारा मनाई गई। चारों ओर जय जय श्रीराम की गुंज रही सुबह से ही पटना के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर व कटकोना संकट मोचन हनुमान मंदिर में भक्तों का जन सैलाब सुबह से उमड़ा रहा। जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई सुबह से ही मंदिर में हनुमान जी की आरती के साथ हनुमान चालिसा का पाठ किया गया मंदिर में 'को नहि जानत है जग में, कपि संकट मोचन नाम तिहारों की गुंज सुनाई दी। धार्मिक संस्थाओं में शोभा यात्रा का बढ-चढ कर स्वागत किया। हजारों श्रद्धालु हनुमान जी की भक्ती में डूबे दिखाई दिए। हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान सेवा समिति पटना के तत्वाधान में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पटना में श्री हनुमान जी की 3 दिनों तक चली पूजा अर्चना के बाद गुरूवार सुबह 11.30 बजे हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा के पश्चात मंदिर प्रांगण में सामुहिक हनुमान चालिसा पाठ, भजन एवं भण्डारा का आयोजन कर श्रद्वालूओं में प्रसाद का वितरण किया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर 4 अप्रैल से ही पटना के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना प्रारंभ हो गई थी, 3 दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठान के बाद गुरूवार सुबह 11.30 बजे से मंदिर प्रांगण से इमली चौक, बस स्टैन्ड, आदर्श चौक, बाजार पारा, पाण्डवपारा रोड़ होते हुए वापस मंदिर प्रांगण तक हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्वालू शामिल हुए। पटना में निकाली गई शोभा यात्रा में कटोरा,बरदिया, कटकोना, करजी, कोचिला, छिंदिया, गीरजापुर, महोरा, बैकुन्ठपुर, पाण्डवपारा से निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल श्रद्वालू भी आकर शामिल हुए। शोभा यात्रा का स्वागत एवं शोभा यात्रा में शामिल श्रद्वालूओं को बस स्टैन्ड में जायसवाल होटल, राहुल आकाश धनोरिया, अजय रजक, कृष्ण मुरारी गुप्ता, बलराम अग्रवाल, दीपक खत्री के घर व दुकान के सामने वहीं मस्जीद के पास अंजुमन कमेटी, इमली चौक में अभिषेक गुप्ता के दुकान के सामने जलपान कराया गया। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्वयं सेवकों के द्वारा आदर्श चौक में शोभा यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। शोभा यात्रा में हजारों श्रद्वालू शामिल हुए जिससे दिन भर पटना का माहौल भक्ति मय बना रहा। शोभा यात्रा के पश्चात हनुमान मंदिर प्रांगण में सामुहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें कलश यात्रा में शामिलम सभी श्रद्वालू शामिल हुए, श्री हनुमान चालिसा पाठ के पश्चात हनुमान मानस में ली के द्वारा भक्तिमय भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात भण्डारा का आयोजन कर सभी श्रद्वालूओं में प्रसाद का वितरण किया गया, मंदिर परिसर में सुबह से शाम तक धार्मिक अनुष्ठान चलता रहा।



# क्या सत्ताधारी दल का होना देता है किसी की जान लेने का अधिकार?

## सुमित हत्याकांड में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के पुत्र सहित एक अन्य युवक हुआ गिरफ्तार,लेकिन उठ रहे अनेक सवाल

- » नहीं थम रही कांग्रेस नेताओं की गुंडागर्दी,पुलिस क्यों बन बैठी है मूकदर्शक?
- » फिर एक बार कांग्रेस नेता की गुंडागर्दी की बात आई सामने,युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर धमकाने और पिटने की व्यथा किया बयां
- » कांग्रेस नेता के पुत्र द्वारा घायल लिए गए युवक के अंतिम संस्कार से लौटते हुए युवक को विधायक प्रतिनिधि ने धमकाया व पिटा
- » सुमित शर्मा हत्या मामले के कई पहलू आ रहे सामने,पुलिस की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल
- » वर्ष 2022 की भी एक घटना का होने लगा है जिक्र,मारपीट में गई थी एक युवक की जान
- » मामले में भरतपुर अस्पताल की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है,अस्पताल ने जारी किया था मृत्यु प्रमाण पत्र
- » सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिसिया कार्यवाही पर सवालिया निशान लगने लगा है
- » ब्राह्मण समाज ने कोरिया एसपी को आईजी के नाम सौंपा ज्ञापन
- » जिला पंचायत सदस्य रविशंकर ने कहा अंधेर नगरी चैपट राजा






-रवि सिंह-

**मनेंद्रगढ,06अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।** भरतपुर नवीन जिले एमसीबी का दूरस्थ क्षेत्र है और यह क्षेत्र पहले शांत क्षेत्र के रूप में जाना जाता था जो अब कांग्रेस नेताओं और नेताओं के पुत्रों द्वारा अशांत किया जा रहा है और हत्या जैसी वारदात को अंजाम दिया जा रहा है और पुलिस भी मूकदर्शक बनी बैठी है क्योंकि सत्ताधारी दल के नेताओं का इस कदर पुलिस पर दबाव है की वह चाहकर भी हत्या जैसे मामले में भी मौन है क्योंकि कार्यवाही करने पर उन्हें भी कार्यवाही अपने ऊपर झेलनी पड़ सकती है और इसीलिए वह केवल दर्शक बनी बैठी है। एमसीबी जिले के दूरस्थ वनांचल भरतपुर में परिवार के इकलौते पुत्र के साथ मारपीट के बाद उसके निधन के मामले ने अब तूल पकड़ना शुरू कर दिया है, युवक के निधन के बाद अंततःपुलिस ने भारी दबाव को देखते हुए किसी प्रकार मामला दर्ज कर ही लिया और घटना के आरोपी ब्लाक कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष रविप्रताप सिंह के पुत्र शैलेन्द्र सिंह समेत एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया गया है, हलांकि गिरफ्तारी के बाद भी अनेक सवाल सुलग रहे हैं इस मामले मे पुलिसिया कार्यवाही शुरू से ही संदेहास्पद रही है और अभी भी कार्यवाही को लेकर संदेह की स्थिति बनी हुई है। लोग सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस से अनेक सवाल कर रहे हैं,तो वहीं अभी तक पुलिस की इस मामले में चुप्पी बनी हुई है, युवक की गिरफ्तारी के बाद उसे मनेंद्रगढ न्यायालय में लाया गया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पूरे मामले में पुलिस एफआई आर के अनुसार मृतक सुमित शर्मा की मृत्यु दिनांक 2.4.2023 को मेडिकल कालेज शहडोल में हो गई है, जिसके संबंध में वायरल वीडियो एवं प्रेस समाचार से घटना की जानकारी मिलने पर घटना की जांच प्रारंभ की गई, मृतक की मां अनुराधा शर्मा का बयान लिया गया जिसके अनुसार सुमित शर्मा को दिनांक 28 मार्च 2023 को कृष्ण कुमार शर्मा के कहने पर शैलेन्द्र सिंह उर्फ छोटू के द्वारा डंडे व राड से मारा गया है, जिससे उसके सिर में चोट लगी थी, जनकपुर में ठीक नही होने 2 अप्रैल 2023 को उसे मेडिकल कालेज शहडोल ले जाया गया था, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट का अवलोकन किया गया डाक्टर द्वारा अपने अभिमत में सर में गंभीर चोट से मृत्यु होना बताया गया है। जिससे धारा 302,34 भादवी का अपराध घटित होना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त मामले में एमसीबी पुलिस अधीक्षक टीआर कोशिमा ने बतलाया कि शहडोल पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर पीएम रिपोर्ट आने के पश्चात डायरी को शहडोल पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एमसीबी पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया। डायरी मिलने के पश्चात पुलिस ने तत्काल मामले को लेकर जांच शुरू की, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया व एसडीओपी राकेश कुमार कुर्रे के द्वारा पुलिस टीम बना कर मामले की विवेचना की गई, पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मेडिकल कालेज से पीएम रिपोर्ट के साथ डायरी यहां पहुंची जिसे तत्काल जनकपुर भेज दिया गया। पीएम रिपोर्ट में डाक्टर के द्वारा सिर में गंभीर चोट से मौत होना बताया गया है। जिसके तहत जनकपुर में पुलिस द्वारा मामले में धारा 302,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और प्रकरण में पुलिस ने दो आरोपियों शैलेन्द्र सिंह और कृष्णा शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### दाह संस्कार कर लौट रहे सदस्य के साथ फिर हुई मारपीट

भरतपुर क्षेत्र में कांग्रेसियों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है, पहले ब्लाक अध्यक्ष के पुत्र के द्वारा प्राणघातक हमले से युवक का निधन और उसके बाद भी मन नही भरा तो विधायक गुलाब कमरो के प्रतिनिधि गौरव सिंह के द्वारा मृत युवक के पारिवारिक सदस्य को दाह संस्कार करके वापिस लौटते वक्त मारपीट की घटना भी घटित हुई है,जिससे समझा जा सकता है इस क्षेत्र में सत्ता के संरक्षण में कांग्रेसी किस कदर आतंक मचाये हुए हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के अनुसार अंकुर तिवारी नामक युवक ने बताया कि जब वह अपने भाई सुमित शर्मा का अंतिम संस्कार करके वापिस आ रहा था तभी विधायक प्रतिनिधि गौरव सिंह ने मन्नू भैया की दुकान के सामने मुझे पकड़कर विवाद करते हुए मारपीट करने लगा। अंकुर तिवारी के अनुसार इस क्षेत्र मे कांग्रेसी खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं, पहले भाई को मारा, यहां की प्रशासन पैसा खा के चुप हो जाती है,कांग्रेसी दादागिरी कर रहे हैं और कुछ भी करने की धमकी दे रहे हैं, युवक ने सरकार से कार्यवाही की मांग की है। जैसा कि जनचर्चा का विषय है कि मामले को दबाने के लिए शुरू से ही भरतपुर पुलिस पर दबाव बनाया गया था, भरतपुर के अस्पताल में गंभीरावस्था में ईलाज के बावजूद स्थानीय पुलिस ने अपराध दर्ज नही किया जबकि इस दौरान मारपीट करने वाला युवक बैखौफ घुम रहा था। शहडोल के अस्पताल में युवक के निधन की सूचना जैसे ही क्षेत्र में पहुंची उससे माहौल और गर्म हो गया है, इस मसले पर पुलिस प्रशासन से लेकर अस्पताल प्रबंधन पर भी सवालिया निशान लग रहा।

### पुलिस का रवैया संदेहास्पद

भरतपुर में कांग्रेस नेता के पुत्र द्वारा किए गए प्राणघातक हमले में युवक की मौत मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहें हैं और माना जा रहा है की पुलिस पर सत्ताधारी दल के नेताओं का दबाव है और यही वजह है की पुलिस मौन बैठी है। हत्या कारीत करने वाले कांग्रेस नेता के पुत्र को पुलिस अब तक गिरफ्तार करने से बच रही है क्योंकि कांग्रेस नेता विधायक के सबसे खास हैं। युवक के साथ मारपीट की घटना और मारपीट के बाद मृत्यु हो जाने के बाद भी पुलिस ने कोई सक्रियता आरोपी को पकड़ने में नहीं दिखाई। मामले में शुरू से ही भरतपुर पुलिस का रवैया संदेहास्पद रहा है, सवाल उठता है कि घटना के बाद मृतक सुमित शर्मा पांच दिनों तक भरतपुर अस्पताल में ही भर्ती था, हालत अत्यंत गंभीर थी सूत्र बतला रहे हैं कि पहले इसे अत्यधिक शराब सेवन से मौत का मामला बनाया जा रहा था लेकिन दबाव के बाद सर में गंभीर चोट आने से मौत होना बतलाया गया। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि पुलिस अभी भी भारी दबाव में काम कर रही है और उसने पुरी वफादारी आकाओ के लिए दिखाते हुए पूरे मामले को इतना गोल कर दिया है कि कोई भी चक्कर लगाते हुए छोर पर ना जा पाए।

### क्या विधायक का खास होना देता है हत्या करने का अधिकार?

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है की क्या विधायक का खास होना यह अधिकार देता है की किसी की हत्या भी की जा सकती है। भरतपुर में घटी घटना के बाद यह कहा जा सकता है की यह सही है की विधायक का खास होना हत्या का अधिकार देता है इसलिए कांग्रेस नेता के पुत्र को लेकर कानून के रखवाले भी चुप बैठे हैं और हत्या जैसे कृत्य को करने के बाद भी वह खुलेआम घूम रहा है। पुलिस सत्ता के दबाव में है और यह दबाव विधायक के खास कांग्रेस नेता के द्वारा डाला गया है जैसा सूत्रों का कहना है।

### वर्ष 2022 अगस्त में भी हुई थी एक युवक की मौत, मामले को दबाया गया?

भरतपुर से एक पुराने मामले का भी पता चल रहा है जो वर्ष 2022 अगस्त माह का है मृतक की पत्नी अमिका केंवट के अनुसार घटना 9 माह पूर्व 26 जुलाई 2022 की है। जनकपुर में मुगौड़ी भजिए का ठेला लगाने वाले उनके पति संतोष केवंट का कांग्रेस के एक नेता से विवाद हो गया, जिसके बाद उनकी ना सिर्फ बेदम पीटाई की बल्कि उसे सीईओ निवास के गेट में लटका दिया, रात भर जब वो घर नहीं आए तो वो उसे ढूंढने निकली, उसे बताया गया कि उसका पति सीईओ निवास के गेट पर लटका है, दो लोगो की मदद से उसे गेट से नीचे उतारा, और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर लेकर गई। 27 जुलाई 2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर ने शहडोल रेफर कर दिया, परिजन उसे रीवा ले गए, तीन दिन इलाज के बाद रीवा मेडिकल कॉलेज ने उसे जबलपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया, जहां 10 अगस्त 2022 को उसकी मौत हो गयी। मौत के बाद शव जब जनकपुर पहुंचा तो समाज बैठा और कांग्रेस नेता ने अपनी गलती मानी और कहा गया कि अग तो पति चला गया है वापस नही आएगा, आर्थिक राशि ले लो वो बच्चो के काम आएगी। जिसके बाद अंतिम संस्कार क्रियाकर्म के लिए 50 हजार नकद और 1 लाख 10 हजार चेक स्टांप में लिखकर दिया गया, अंतिम संस्कार के बाद 50 हजार नकद देने से नेंता मुकर गया, जब 1 लाख 10 हजार का चेक बैंक में लगाया गया तो वह भी बांउस हो गया। पीड़िता के अनुसार उसके दो बच्चे और घर में बूढ़ी मां है, एक मात्र कमाने वाला उसका सहारा उसका पति को मार डाला गया। उसने पैसे की मांग कई बार की, परन्तु अब उसे पैसे दिलाने कोई सामने नहीं आ रहा है।

### अस्पताल की भूमिका भी है वर्ष 2022 के मामले में संदिग्ध

वर्ष 2022 में जिस युवक की मौत पिटाई से हुई थी उसका मृत्यु प्रमाण पत्र अस्पताल द्वारा जारी किया गया था और उसमे मृत्यु का कारण नहीं लिखा गया है जैसा की बताया जा रहा है। अस्पताल की भूमिका मामले में इसलिए ही संदिग्ध मानी जा रही है। किसी की मृत्यु का प्रमाण पत्र जारी करते समय कारण का उल्लेख होना जरूरी है जो उक्त मृत युवक के मृत्यु प्रमाण पत्र में दर्ज नहीं है। माना जा रहा है की मामले में सत्ता का दबाव डाला गया था और इसलिए ही मृत्यु का कारण दर्ज नहीं है।

### क्या मामले में पीड़ित परिवारों को मिलेगा न्याय, या सत्ता के दबाव में होगा उनके साथ अन्याय

तीनों ही मामले में यह बड़ा सवाल उठता है की क्या पीड़ितों को न्याय मिलेगा या सत्ता के दबाव में उनके साथ अन्याय ही होगा। हत्या जैसे मामले में पुलिस का सुस्त रूप आखिर क्यों है और क्या पुलिस मौन तोड़कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी या नहीं करेगी।

### अंततःपुलिस ने हत्या का अपराध किया दर्ज, हुई गिरफ्तारी

सुमित शर्मा हत्या मामले में अंततः पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है,मामले में कांग्रेसी नेता के पुत्र सहित एक अन्य पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपीयों को गिरफ्तार भी कर लिया है और न्यायालय में पेश कर उन्हे जेल भेजने की तैयारी है। मामले में पुलिस पर चौतरफा दबाव पड़ने पर गिरफ्तारी संभव हो सकी वरना पुलिस मामले में शुरू से ही ढीला रुख अख्तियार कर बैठी हुई थी वरना गिरफ्तारी पहले हुई होती और मामले में युवक के बयान के आधार पर हत्या के प्रयास का भी मामला दर्ज हुआ होता। वैसे मामले में पुलिस ने जिन धाराओं के तहत कार्यवाही की है उसमे यह ध्यान देने वाली बात है की कुछ धाराएं और जोड़ी जानी चाहिए क्योंकि मृतक ने मरने से पहले वीडियो में बयान दिया है जो देखा सुना जा सकता है और एक बड़ा साक्ष्य है।

### शोक संतप्त परिवार से मिली पूर्व संसदीय सचिव

घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व संसदीय सचिव चंपादेवी पावले ने भरतपुर पहुचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात किया और घटना की जानकारी लिया। उन्होने परिवार के साथ भरतपुर थाना जाकर प्रभारी से मुलाकात किया था और अपराध दर्ज कर कार्यवाही की मांग की थी। इस बारे में पूर्व संसदीय सचिव ने अपना बयान जारी करते हुए कहा है कि वर्तमान विधायक गुलाब कमरो के संरक्षण में यह सब हो रहा है,चांगभखार शांति का टापू था आज अपराध का गढ बनते जा रहा है,इसका कारण गुलाब कमरो और भूपेश बधेल हैं जो कि इस तरह के अपराध को शह देकर लोगो में भय का माहौल बना हुआ है,इनके संरक्षण में यह सब कार्य हो रहा है। पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़े होकर न्याय दिलाने की बात पूर्व संसदीय सचिव ने कही है।

### क्षेत्रीय विधायक का बयान आया सामने

घटना के तीसरे दिन क्षेत्रीय विधायक और सविप्रा उपाध्यक्ष गुलाब कमरो का बयान भी सामने आया है,उन्होने युवक सुमित शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है,और कहा है कि प्रदेश की संवेदनशील भूपेश सरकार अपराध और अराजकता को लेकर हमेशा से गंभीर और चिंतनीशील रही है। विधायक ने इस प्रकार की मार्मिक घटना पर कहा है कि सियासत नही होना चाहिए,अपराधी चाहे किसी भी दल या विशेष का हो कानून से बढकर नही है।

### ब्राह्मण समाज ने आईजी के नाम सौंपा ज्ञापन

उक्त पूरे मामले में बैकुंठपुर में ब्राह्मण समाज के द्वारा पुलिस अधीक्षक कोरिया के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग की गई है,ज्ञापन सौंपते वक्त बैकुंठपुर इकाई अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा,ध्रुवनाथ तिवारी,अभय दुबे,मनोज शर्मा,बंशीधर शर्मा,मनीष पांडेय,आलोक तिवारी आदि ब्राह्मण उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सदस्य ने कहा अंधेर नगरी चौपट राजा

युवक की मौत के मामले में क्षेत्र के सक्रिय जिला पंचायत सदस्य रविशंकर सिंह ने भी अपना बयान सोशल मीडिया के माध्यम से जारी किया है, उन्होने कहा है कि शांति का पर्याय रहे चांगभखार को इन दबंगई कांग्रेसी नेताओं ने अपने अय्याशी और गुंडागर्दी की जागिर बना के रखा हुआ है,जबसे कांग्रेस पार्टी सत्ता में आयी है अपराध का गढ बन गया हैचांगभखार। सांसद प्रतिनिधि एवं कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष के दुर्दांत पुत्र के द्वारा दिन दहाड़े लोगो को बीच चैराहे में फिल्मी स्टाईल में कार की डिग्गी में बंद कर के भरी जनसमूह के सामने पीटा जाता है,लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बनकर यह कृत्य देखता रहता है। और कोई कार्यवाही नही होती। वहीं कुछ दिनों बाद पुनःउसी पुत्र द्वारा सुमित शर्मा नामक लड़के को सिर में हाकी स्टीक से जोरदार प्रहार कर के मौत के घाट उतार दिया जाता है। रविशंकर सिंह ने कहा है कि इन कांग्रेसी नेताओं के संरक्षण में विगत 3 वर्षो से चांगभखार में कोरेक्स,नाइट्रा,गांजा जैसे नशीली दवाओ का कारोबार बहुत तेज गति से फल फूल रहा है, छोटे छोट बच्चे युवा इसका शिकार हो रहे हैं और आने वाली पूरी युवा पीढी बर्बाद हो रही है, लेकिन सब जानने के बावजूद भी प्रशासन के द्वारा सत्ता से जुड़े इन नशे के सौदागरों पर कोई कार्यवाही नही होती। क्या क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो के सरंक्षण में इन अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि आए दिन नशे में मदमस्त होकर आम जनता को मारेंगे पीटेंगे इनकी जान तक ले लेंगे। रविशंकर सिंह ने कहा है कि कांग्रेसी विधायक गुलाब कमरो के जनकपुर क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि भी इनके संरक्षण में अपनी रौबदारी दिखाते हैं आम जनता पर हाथ उठाते हैं उन्हे डराते धमकाते हैं लोगो में डर का माहौल व्याप्त है कोई इनके खिलाफ आवाज उठाये तो उसके परिवार को डरा धमका के चुप करा दिया जाता है,स्थानांतरण की धमकी दी जाती है, आखिर इन दबंगाइयो पर कब अंकुश लगेगा।

### आरोपी की गिरफ्तारी से जुड़े कुछ सवाल

**सवालः-** क्या उसी वक्त डयूटी पर तैनात रहे डाक्टर ने पुलिस को सूचना दी?

**सवालः-** यदि हां तो अपराध दर्ज करने की कार्यवाही क्यों नही हुई?

**सवालः-** यदि नही तो पुलिस ने वायरल वीडियो में घटना की जानकारी प्राप्त करके चिकित्सक के ऊपर अपराध दर्ज किया क्या?

**सवालः-** जब मृतक और उसकी मां सार्वजनिक तौर पर 4 दिन पहले से घटना की जानकारी दे रहे थे तो पुलिस ने क्या किया?

**सवालः-** शहडोल से प्राप्त सूचना के कारण अपराध दर्ज किया गया है किंतु अपराधी के डिटेल मे उसके पिता आदि का नाम दर्ज क्यो नही?

**सवालः-** जब मां ने अपना बयान दर्ज कराया है तो उसे आवेदक क्यो नही बनाया गया या अलग से अपराध दर्ज क्यो नही किया गया?

**सवालः-** जब अपराध दर्ज करना ही था जैसा कि थानेदार ने लिखा है मीडिया से प्राप्त खबर वीडियो तो अपराध तो पहले ही 307 दर्ज किया जा सकता था क्यो नही किया गया?

**सवालः-** इतने जघन्य अपराध के लिए मुख्य आरोपी को ही रिमांड पर लेने के लिए एक आवेदन नही किया गया आखिर क्यो?

**सवालः-** कृष्णा शर्मा को भी आरोपी बना दिया गया है जबकि वह मृतक के साथ था,उसे बयान लेने के लिए थाने बुलाया गया और फिर क्यो आरोपी बनाकर जेल भेल दिया गया?

## एमसीएमआईटी प्रबंधन छात्र को फीस के लिए कर रहा प्रताड़ित



-नगर संवाददाता-

**कोरबा 06 अप्रेल 2023 (घटती-घटना)।** एमसीएमआईटी कॉलेज प्रबंधन पर छात्र ने प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है।एनएसयूआई ने मामले की शिकायत जिला कलेक्टर से की है। अब देखना होगा कि शिकायत के बाद जिला प्रशासन प्रबंधन पर क्या कार्यवाही करता है। कृष्ण कुमार मरावी जोकि बीसीए तृतीय वर्ष एमसीएमआईटी कॉलेज टीपी नगर का छात्र है कलेक्टर से की गई शिकायत में कहा गया है कि उसके घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बीसीए तृतीय वर्ष में प्रवेश नहीं लेना चाहता था, क्योंकि उक्त कालेज की फीस बहुत ज्यादा है लिहाजा कृष्ण कुमार मरावी प्राचार्य के पास टीसी लेने गया। तब उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि उसका फीस माफ कर दिया जाएगा और उसे टीसी नहीं दिया गया।अब जब परीक्षा का समय आ गया है तब प्रबंधन द्वारा फीस जमा करने लिए उस पर दबाव डाला जा रहा है। इससे कृष्ण कुमार बुरी तरह प्रताड़ित हो रहा है। उसके प्रथम विषय की परीक्षा दिनांक 22 मार्च को थी और जब वह परीक्षा दिलाने गया तो पहले फीस जमा करने के नाम पर उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया।कृष्ण कुमार मरावी के द्वारा अनेकों बार निवेदन करने के बाद उससे 01 घंटे खड़ा करवाने के बाद परीक्षा देने दिया गया, तब मात्र 2 घंटे में वह अपना पेपर कैसे पूरा करता । लिहाजा पीड़ित छात्र की मदद के लिए एनएसयूआई के पदाधिकारियों द्वारा कोरबा कलेक्टर संजीव झा को ज्ञापन सौंपा गया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से दिवाकर राजपूत जिला उपाध्यक्ष , जुनैद मेमन जिला महासचिव, राहुल जायसवाल जिला सचिव, अभिजीत सिंह , अर्षण खान, मयंक अग्रवाल, पीयूष आदि उपस्थित थे।

## वीर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन

-नगर संवाददाता-

**कोरबा 06 अप्रेल 2023 (घटती-घटना)।** हिंदू धर्म में हनुमान जी की पूजा और आराधना का बहुत महत्व है । मान्यता है कि बजरंगबली की पूजा करने से भक्तों के जीवन के सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं । गुरुवार को जिले में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूम से मनाया गया । सुबह से ही भक्तों द्वारा सभी मंदिरों में लंबी कतार लगाकर लोग पूजा अर्चना किए एवं अपने-अपने परिवारों की खुशियों की कामना कि इस दौरान मंदिर समितियों द्वारा भोग भंडारा का भी आयोजन किया गया था । हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर क्षेत्र के विधायक जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा शहर के मनोकामना सिद्ध श्रीराम हनुमान मंदिर में पूजा कर क्षेत्र की जनता के लिए अमन चैन एवं खुशियां मांगी








एवं क्षेत्र तथा प्रदेशवासियों को दी सुभकामनाये । हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर मंदिर परिसर में शांतिदेवी मेमोरियल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां भक्तो ने भगवान श्रीराम एवं संकटमोचन वीर हनुमान की पूजा कर एक दूसरे को बधाइयां दिए इस दौरान लगभग 15000 श्रद्धालु उपस्थित होकर श्रीराम चौपाई का आनंद लेते हुए भोग प्रसाद ग्रहण किए । भोग प्रसाद वितरण के दौरान स्वयं क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल , टाइकोंडो एसोसिएशन के संरक्षक श्री रिशु अग्रवाल ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को भोग वितरण कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किए । इस दौरान प्रदेश राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा के वे भगवान श्री राम एवं संकटमोचन वीर हनुमान से एक ही प्राथना करता हूं की क्षेत्र एवं प्रदेश की जनता सदैव अमन और चैन से रहे ।

## नगर निगम के तोडू दस्ता ने बेजा कब्जा को किया ध्वस्त

-नगर संवाददाता-

**कोरबा 06 अप्रेल 2023 (घटती-घटना)।** कोरबा नगर निगम के तोडू दस्ता ने वार्ड नं 29 पोड़ी बहार क्षेत्र में किए गए बेजा कब्जा पर चलाया बुलडोजर । निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए बेजा कब्जा को हटाया गया । करोड़ों की बेशकीमती जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। नोटिस के बाद भी कब्जा धारियों द्वारा कब्जा खाली नहीं किया जा रहा था। जिस पर अंततः कार्यवाही की गई । पोड़ी बहार स्थित आमबाड़ी गार्डन में अवैध रूप से किए गए कब्जा को हटाने निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया इसके बाद भी बेजा कब्जा को नहीं हटाया गया जिसे



लेकर गुरुवार को तोडू दस्ता की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। आम बाड़ी में की गई बेजा कब्जा के मामले में नगर निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुए बेजा कब्जा को ढहा दिया ।इस मामले में विगत 29 मार्च को भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बद्री अग्रवाल ने कलेक्टर सहित निगम आयुक्त व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य से शिकायत की थी। जिसमें कहा गया था कि वार्ड पार्षद द्वारा लगातार शासकीय भूमि पर कब्जा कर उसे बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा रहा है। जिस स्थान पर बेजाकब्जा किया जा रहा है उस स्थान पर वृक्षों की अवैध कटाई भी की जा रही है। आमबाड़ी में कब्जे के लिए वृक्षों की अवैध कटाई हुई है जिस पर अपराध दर्ज होने चाहिए ढ्व वन संरक्षण अधिनियम 1927 की धारा 26(1) क,ख,च के तहत अपराध दर्ज होना चाहिए। उन्होंने सात दिवस के भीतर पार्षद पर कार्यवाही नहीं किए जाने पर आमरण अनशन की चेतावनी भी दी थी।

## अब अवैध उत्खनन पर की जायेगी कार्यवाही

**कोरबा 06 अप्रेल 2023 (घटती-घटना)।** खनिज विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि जिला अंतर्गत स्वीकृत मुख्य खनिज खनिज एवं रेत खदानें जो कि वैद्य रूप से संचालित है के अलावा अन्य स्थानों से किसी भी व्यक्ति/संस्थानों द्वारा खनिजों का किसी विधिपूर्ण प्राधिकार के बिना उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण किये जाने पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) 1957 की धारा-21 एवं छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 अन्तर्गत नियम-71 एवं छ.ग. खनिज खनन (खनन, परिवहन एवं भण्डारण) अधिनियम/नियमों के तहत की जाएगी कार्यवाही ।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील प्रतापपुर जिला-सूरजपुर**

**ईश्तहार**

दिनांक-22.03.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ओवर लोडिग परिवहन जाच हेतु अन्तर्गत प्रवर्तन हेतु वाहनो के ओव्हरलोडिंग की जाच के आधुनिक बेट ब्रिज की स्थापना हेतु ग्राम चन्दौरा मे हल्का पटवारी के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में चयनित भूमि स्थित ग्राम चन्दौरा खसरा नम्बर 88 एवं 98 रकबा 0.13,1.05 हे.भूमि का चयन किया गया है। जिसे परिवहन विभाग को अबंटित किया जाता है। यदि किसी को आपत्ति हो तो लिखित इस आवेदन इस न्यायाल में दिनांक 11.04.2023 तक प्रस्तुत कर सकता है।

आज दिनांक 25,032023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार प्रतापपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क202304021200001/अ-6-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अशोकअग्रवाल पिता स्व0 रामचन्द्र अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी भैयाथान जिला सूरजपुर छ0ग0द्वारा अधिकारग्रहिता अभिषेक अग्रवाल पिता स्व0प्रमोद कुमार अग्रवाल निवासी केदारपुरअम्बिकापुर एवं अन्य-03 के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 46/4 रकबा 0.02 एकड़ भूमि को रूपये 20,00,000-00 में अनावेदक अमित गोयल आ0 श्री बाबूलाल अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 गुरुद्वारा रोड शिवनंदनपुर जिला सूरजपुर द्वारा अधिकारग्रहिता निमिष अग्रवाल आ0 वेदप्रकाश अग्रवाल निवासी जवाहर नगर अम्बिकापुर के पास बिक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र,मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति पेश की गई है ।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-. 03/05/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक- 03/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

# लखनऊ के खिलाफ नए सिरे से शुरुआत करने उतरेगा हैदराबाद

**लखनऊ,06 अप्रैल 2023।** पहले मैच में करारी हार झेलने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम नए कप्तान एडन मार्कराम सहित दक्षिण अफ्रीका के अपने खिलाड़ियों की वापसी के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में नए सिरे से शुरुआत करने के लिए उतरेगी। मार्कराम की अनुपस्थिति में पहले मैच में भुवनेश्वर कुमार की अगुवाई में सनराइजर्स को राजस्थान रॉयल्स के हाथों 72 रन से करारी हार झेलनी पड़ी थी लेकिन अब अपने कप्तान सहित मार्को जॉनसेन और हेनरिक क्लासेन के टीम से जुड़ने से उसे मजबूती मिली है। सनराइजर्स 2021 में अंतिम और पिछले साल 10 टीमों के बीच आठवें स्थान पर रहा था। इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उसका दारोमदार मार्कराम के नेतृत्व कौशल पर टिका है।

लेकिन पहले मैच में उसने निराशाजनक प्रदर्शन किया। राजस्थान रॉयल्स ने इस मैच में पावर प्ले में ही एक विकेट पर 85 रन बना दिए थे और फिर पांच विकेट पर 203 रन के स्कोर का बचाव करते हुए पहले छह ओवरों में दो विकेट पर केवल 30 रन दिए थे। ब्रायन लारा की कोचिंग वाली सनराइजर्स को अब विशेषकर पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मार्कराम के आने से उसकी बल्लेबाजी मजबूत हुई है जबकि जॉनसेन उसकी गेंदबाजी को पैनापन दे सकते हैं। पिछले मैच में टी नटराजन को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। अफगानिस्तान के फजलहक फारुकी ने दो विकेट लिए लेकिन इसके लिए उन्होंने 41 रन दिए।भुवनेश्वर कुमार भी अनुभवी होने के बावजूद प्रभावित नहीं कर पाए जबकि उमरान मलिक महंगे साबित हुए। स्पिन विभाग में वाशिंगटन सुंदर और आदिल राशिद भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।




सनराइजर्स को अगर विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाना है तो इन दोनों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजी में मयंक अग्रवाल को छोड़कर दो अन्य भारतीय अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जो सनराइजर्स के लिए चिंता का विषय होगा। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसके लिए कप्तान केएल राहुल की फॉर्म चिंता का विषय है क्योंकि वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहे हैं। काइल मायर्स ने हालांकि पहले दोनों मैचों में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश करके अर्धशतक जड़े थे। गेंदबाजों में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड और भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई ने अभी तक लखनऊ की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है। अगर वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखते हैं तो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल खड़ी कर सकते हैं।

टीम इस प्रकार हैं :- सनराइजर्स हैदराबाद~ एडन मार्कराम (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, मयंक अग्रवाल, अनमोलप्रीत सिंह, हैरी ब्रूक, मयंक डागर, फजलहक फारूकी, अकील होसेन, कार्तिक त्यागी, हेनरिक क्लासेन, मयंक मारकंडे, टी नटराजन, नीतीश कुमार रेड्डी, ग्लेन फिलिप्स, आदिल राशिद, संवीर सिंह, राहुल त्रिपाठी, उमरान मलिक, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, मार्को जॉनसेन। लखनऊ सुपर जाइंट्स~ केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# मनीषा कल्याण ने साइप्रस में रचा इतिहास

» यूरोप में लीग खिताब जीतने वाली बनीं पहली भारतीय

**नई दिल्ली,06 अप्रैल 2023।** स्टार महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण यूरोप में लीग का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। मनीषा इससे पहले 2021 में एएफसी चैंपियंस लीग मैच में और ब्राजील की एक वरिष्ठ राष्ट्रीय टीम के खिलाफ गोल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बनीं थीं।

न्होंने कहा, मैं बहुत खुश महसूस कर रही हूं कि मैं यूरोप में लीग चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय हूं। मुझे नहीं लगता कि मेरा काम हो गया, मैं यहां पहुंच गई हूं, अब यह खत्म हो गया है। इससे जो सकारात्मकता उत्पन्न हुई है, वह मुझे केवल कड़ी मेहनत करने और अधिक हासिल करने की प्रेरणा दे रही है।



मनीषा अगस्त 2022 में साइप्रस चली गई, और उन्हें यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफायर में खेलने का मौका मिला । यह वहां से उनके सीखने की अवस्था थी। यूसीएल क्वालिफायर के दौरान और घरेलू सीजन की शुरुआत के दौरान उन शुरुआती महीनों में उन्हें संघर्ष करना पड़ाञ और इसका एक बड़ा हिस्सा उस तरह की प्रणाली से उपजा था जिससे वह आई थीं।उन्होंने कहा, मुख्य अंतर लीग है। भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) एक बहुत ही छोटी लीग है। लेकिन यहाँ साइप्रस में एक उचित लीग है। हम हर हफ्ते कम से कम एक या दो बार खेलते हैं, और इसलिए हर हफ्ते एक नई चुनौती है। मुख्य~ यह केवल फुटबॉल है जो हमेशा आपके दिमाग में रहता है।

उन्होंने कहा, भारत में, हमारी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी [राष्ट्रीय] शिविरों में खेलते हैं, लेकिन आईडब्ल्यूएल में अन्य खिलाड़ियों के लिए, कुछ बड़े टूर्नामेंट [आईडब्ल्यूएल और राष्ट्रीय चैंपियनशिप] हैं। अधिकतम दो महीने का सीजन काफी छोटा है। बता दें कि मनीषा अभी साइप्रस में है, एक मामूली चोट के लिए पुनर्वसन से गुजर रही है, और इस सीज़न के आईडब्ल्यूएल में भाग नहीं लेगी। वह अपोलोन के साथ मई तक के लिए अनुबंधित है और वहां या किसी अन्य यूरोपीय क्लब के विस्तार की तलाश कर रही हैं।

# न्यूजीलैंड को बड़ा झटका

» विलियमसन को करानी होगी सर्जरी

» वनडे विश्वकप से हो सकते हैं बाहर




**वेलिंगटन ,06 अप्रैल 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए चोटिल होने वाले न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन इस साल के आखिर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप से बाहर हो सकते हैं. विलियमसन चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड लौट गए थे और मंगलवार को स्कैन से पुष्टि हुई कि उन्हें अपने दाएं घुटने का ऑपरेशन करवाना होगा. विलियमसन अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस की तरफ से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो गए थे.

न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान के अनुसार दाहिने हाथ के इस बल्लेबाज का अगले तीन सप्ताह के अंदर ऑपरेशन किया जाएगा. विलियमसन ने यह खबर मिलने के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट और अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मुझे बहुत सहयोग मिला और इसके लिए मैं गुजरात टाइटंस का आभार व्यक्त करता हूं. यह स्वाभाविक है कि इस तरह की चोट लगने से मैं निराश हूं लेकिन मेरा ध्यान अभी सर्जरी और उसके बाद फिटनेस हासिल करने पर है. विलियमसन ने कहा कि इसमें कुछ समय लगेगा लेकिन मैं जल्द से जल्द मैदान पर उतरने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करूंगा. इस तरह की चोट से उबरने और पूर्ण फिटनेस हासिल करने में काफी समय लग जाता है और इसे देखते हुए विलियमसन का अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे विश्वकप तक पूरी तरह फिट हो

न्यूजीलैंड के कोच स्टीड को भी लगता है कि विलियमसन का विश्वकप से पहले फिट होना मुश्किल लगता है. उन्होंने कहा कि हमने उम्मीद नहीं छोड़ी है लेकिन अभी की स्थिति को देखते हुए यह असंभव लगता है. हमारी भावनाएं अभी केन के साथ हैं. यह उनके लिए मुश्किल समय है. यह ऐसी चोट नहीं है जिसकी आप उम्मीद कर रहे थे. यह वास्तव में करारा झटका है.

# शाहिन अफरीदी की पाकिस्तानी टीम में वापसी

**कराची ,06 अप्रैल 2023।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 अप्रैल से शुरू हो रही पांच मैचों की घरेलू टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है।तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, जिन्हें आखिरी बार नवंबर 2022 में आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के दौरान अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था, ने घुटने की चोट से सफलतापूर्वक उबरने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए टी20 और एकदिनी दोनों टीमों में वापसी की है।अफरीदी ने लाहौर कलंदर्स को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल में जीत दिलाई। बल्ले और गेंद दोनों से उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने168.35 की स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए और 19 विकेट लिए।



शाहीन के साथ, जिन अन्य खिलाड़ियों को शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20ई श्रृंखला के लिए आराम दिया गया था, उनमें बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, फखर जमान और हारिस रऊफ शामिल हैं, इन सभी की टीम में वापसी हुई है।अफगानिस्तान ने श्रृंखला में पाकिस्तान को 2-1 से हराया था, जो किसी भी प्रारूप में उनकी पहली द्विपक्षीय श्रृंखला जीत थी।इहसानुल्लाह, सईम अयूब और जमान खान ने शारजाह में श्रृंखला के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया था और इन तीनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में टीम में अपना स्थान बनाए रखा है।

पाकिस्तान की टीम इस प्रकार है- टी20 टीमः बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उपकप्तान), फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इहसानुल्लाह, इमाद वसीम, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी , शान मसूद और जमान खान।वनडे टीमः बाबर आजम (कप्कान), शादाब खान (उपकप्तान), अब्दुल्ला शफीक, फखर जमान, हारिस रऊफ, हारिस सोहेल, इहसानुल्लाह, इमाम-उल-हक, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, शान मसूद और उसामा मीर। रिजर्व खिलाड़ीः अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और तैय्यब ताहिर।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घोषणा की है कि रावलपिंडी में पहला वनडे 27 अप्रैल को खेला जाएगा। दूसरा वनडे भी 28 अप्रैल के बजाय 29 अप्रैल कर दिया गया है। दूसरे वनडे का स्थान भी बदल दिया गया है, रावलपिंडी अब दूसरे वनडे की मेजबानी कर रहा है। अंतिम तीन वनडे अब भी कराची में खेले जाएंगे।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2023-24 के लिए जारी की केंद्रीय अनुबंध सूची,टॉड मर्फी,लांस मॉरिस शामिल

**मेलबर्न,06 अप्रैल 2023।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2023-24 के लिए केन्द्रीय अनुबंध की सूची जारी कर दी है। सीए ने 24 खिलाड़ियों को अनुबंध सूची में शामिल किया है। स्पिनर टॉड मर्फी और पेसर लांस मॉरिस को ने अपनी पहला केंद्रीय अनुबंध अर्जित किया है। सीन एबॉट, लांस मॉरिस, माइकल नेसर और झे रिचर्डसन को भी अनुबंधित किया गया है।

जून में लंदन में भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के साथ ऑस्ट्रेलिया के पास काफी व्यस्त सीजन है। साल के अंत में और क्रिकेट विश्व कप 2023 और इंग्लैंड के खिलाफ एशेज की लड़ाई उनकी बड़ी चुनौतियों में से एक है।पूर्व व्हाइट-बॉल कप्तान आरोन फिंच, जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए, स्पिनर मिचेल स्वेपसन, मैथ्यू वेड, मैथ्यू रेनशॉ, पीटर हैंड्सकॉम्ब, मैथ्यू कुह्नमैन को नए अनुबंध नहीं दिए गए।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज और मौजूदा चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली कई खिलाड़ियों को नए अनुबंधों से पुरस्कृत होते देख रोमांचित थे और उन्होंने कहा कि सूची की घोषणा आगामी कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए की गई है।बेली ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पिछले 12 महीनों में कुछ बेहतरीन व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन हुए हैं। समान रूप से, हम कुछ खिलाड़ियों के उभरने से बेहद प्रभावित हुए हैं, जो तीनों प्रारूपों में ऑस्ट्रेलियाई चयन के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एशेज दो बड़ी चुनौतियां हैं, जिसके तुरंत बाद आईसीसी वन-डे विश्व कप है। हमने उन खिलाड़ियों के एक समूह को चुना है जिनकी हम उम्मीद करते हैं कि उन दो अभियानों में से अधिकांश टीम में होंगे और हम जानते हैं कि सफलता हासिल करने के लिए हमें स्क्वाड मानसिकता की जरूरत होगी।

# पतली फिगर पर फिटिंग की स्कर्ट पहन अनुष्का सेन दिखीं ग्लैमरस,क्रॉप टॉप पर अटकी निगाहें



टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस अनुष्का सेन अपनी हॉट फोटोज के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस हर बार अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से इंटरनेट का तापमान हाई कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस देख कर फैंस के दिलों पर खंजर चल गया है। एक्ट्रेस अनुष्का सेन की दीवानगी भी आजकल फैंस के सिर चढ़कर बोल रही है। हालांकि एक्ट्रेस की हर अदाओं पर फैंस अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अनुष्का सेन की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तहलका मचा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देख एक बार फिर से फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। अनुष्का सेन ने अपनी इन फोटोज में फिटिंग की स्कर्ट के साथ क्रॉप टॉप पहना हुआ है। एक्ट्रेस का ये स्टाइलिश आउटफिट फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। हालांकि यूजर्स उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि अनुष्का सेन की लेटेस्ट तस्वीरों पर भी एक यूजर ने कॉमेंट कर लिखा है- यू लुक अमेजिंग तो वहीं दुसरे ने बोला- सुपर गॉर्जियस। अनुष्का सेन को उनके चाहने वाले इंस्टाग्राम क्वीन बुलाते हैं। एक्ट्रेस का लुक सोशल मीडिया पर शेयर होते ही फैंस के बीच तेजी से ट्रेंड करने लगता है।

# अल्लू अर्जुन की पुष्पाः द रूल से रश्मिका मंदाना का पहला लुक जारी



रश्मिका मंदाना, अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पाः द रूल में अपनी यादगार भूमिका, श्रीवल्ली को फिर से दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह सुकुमार द्वारा निर्देशित ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पाः द राइज की अगली कड़ी है। आज, उसके जन्मदिन के अवसर पर, निर्माताओं ने रश्मिका के श्रीवल्ली के रूप में एक नए पोस्टर को लॉन्च किया। इस पोस्टर में वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं।

फिल्म के निर्माताओं ने ट्विटर पर रश्मिका मंदाना के नए पोस्टर को श्रीवल्ली के रूप में शेयर किया। लाल साड़ी में वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं, उनके बाल खुले हैं और लाल बिंदी इस खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। फैंस इस पोस्टर पर प्यार बरसा रहे हैं। वह यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि फिल्म के दूसरे भाग में अभिनेत्री क्या-क्या करने वाली हैं। पहले भाग में दर्शकों ने श्रीवल्ली के रूप में उन्हें काफी पसंद किया था। पोस्टर को साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखा, टीम ः पुष्पाः द रूल भव्य श्रीवल्ली उर्फ रश्मिका जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। आप हमारे दिलों पर राज करते रहें।

यह प्रशंसकों के लिए एक ट्रीट होने वाला है क्योंकि अगले कुछ दिनों में एक और अपडेट आ रहा है। पुष्पा 2 का मोस्ट अवेटेड टीजर, जो हाल ही में आंध्र प्रदेश में शुरू हुआ था, को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। नवीनतम अपडेट के अनुसार, बहुप्रतीक्षित टीजर, जिसे पहली झलक वीडियो का नाम दिया गया है, इस साल 7 अप्रैल को लीडिंग मैन अल्लू अर्जुन के 41वें जन्मदिन के विशेष अवसर पर रिलीज किया जाएगा। निर्माताओं द्वारा हाल ही में एक विशेष पोस्टर के साथ रोमांचक अपडेट की पुष्टि की थी। फिर आज, निर्माताओं ने यह घोषणा करने के लिए एक वीडियो भी साझा किया कि अल्लू अर्जुन उर्फ पुष्पा की पहली झलक 7 अप्रैल को शाम 4 बजे सामने आएगी।




# अभिनेत्री सिमरन कौर ने शेयर किया पटाया में शर्मिंदा की शूटिंग का अनुभव



अगर तुम ना होते की अभिनेत्री सिमरन कौर ने अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो शर्मिंदा के लिए थाईलैंड के पटाया में शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया है। उन्होंने कहा, शर्मिंदा दिल टूटने के बारे में संगीत वीडियो है। लड़का लड़की को धोखा देता है और बाद में लड़की उससे भिड़ जाती है। यह बहुत ही दिल को छू लेने वाला गाना है। हम इस गाने की शूटिंग के लिए थाईलैंड गए और पटाया के खूबसूरत लोकेशंस पर शूट किया।अभिनेत्री ने अपने संगीत वीडियो के लिए जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है, उसके बारे में कहा कि यह जबरदस्त है। उन्होंने कहा कि लोगों को गीत के बोल और संगीत पसंद आ रहे हैं। मुझे इस संगीत वीडियो के लिए इतनी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है, मैं इसके लिए बहुत खुश हूं। मुझे मेरे अभिनय के लिए बहुत सराहना मिल रही है और प्रशंसक वास्तव में गीत में मेरे भावों को पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर, मुझे अपने सभी प्रशंसकों से बहुत सारे संदेश मिल रहे हैं कि वह गाना देखने के बाद वास्तव में भावुक हो गए हैं, इसलिए मुझे लगता है कि अगर लोग आपके प्रदर्शन से जुड़ रहे हैं और गाना सही रागों को छू रहा है, तो यह सबसे अच्छी तारीफ है।अपनी भविष्य की परियोजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए, उन्होंने साझा कियाः मैंने दो और संगीत वीडियो के लिए शूट किया है। शूटिंग पूरी हो चुकी है और वह बहुत जल्द रिलीज भी होंगी।








C M Y K

# गरीब परिवारों के बेटियों के विवाह के सपने होंगे पूरे




## सहायता राशि 25 हजार से बढ़कर हुई 50 हजार

**रायपुर,06अप्रैल 2023(ए)।** राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सहायता राशि 25 हजार रूपए से बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी गई है। इस वर्ष 2023-24 के लिए प्रस्तुत बजट में इस योजना के लिए 38 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। इससे कई परिवारों का अपनी बेटियों का धूम-धाम से विवाह का सपना पूरा हो सकेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने योजना के तहत राशि में दो बार वृद्धि की है। बघेल ने मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद प्रस्तुत पहले बजट में ही बेटियों के विवाह को प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2019 में विवाह अंतर्गत दी जाने वाली अनुदान राशि को 15 हजार रूपए से बढ़ाकर 25 हजार रूपए कर दिया था। अब यह राशि बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी गई है। वर्ष 2019 की तुलना में निर्धारित बजट राशि भी 19 करोड़ रूपए से बढ़ाकर 38 करोड़ रूपए कर दी गई है। इससे कई परिवारों में बेटियों के विवाह को लेकर चिंता दूर हुई है।

गौरतलब है कि कई परिवारों में आर्थिक परेशानियों के चलते बेटी का विवाह कठिन हो जाता है। इन परिस्थितियों में राज्य सरकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बेटियों के विवाह के लिए सहायता करती है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों को कन्या के विवाह में होने वाली आर्थिक कठिनाईयों का निवारण, विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची को रोकना और सादगीपूर्ण विवाहों को बढ़ावा देना, सामूहिक विवाहों के आयोजन के माध्यम से गरीब परिवार के आत्मसम्मान में वृद्धि के साथ उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार तथा विवाहों में दहेज के लेन-देन की रोकथाम करना है।

### योजना तहत देय लाभ

योजनान्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार और मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना अंतर्गत कार्डधारी परिवार की 18 वर्ष से अधिक आयु की अधिकतम दो कन्याओं को आर्थिक सहायता दी जाती है। इसमें वर-वधु की श्रृंगार सामग्री और अन्य दैनिक उपयोग के सामान उपहार स्वरूप प्रदान करने के साथ बैंक ड्रॉफ्ट के माध्यम से रूपए भी दिए जाते हैं। सामूहिक विवाह आयोजन व्यवस्था के लिए भी कुछ राशि व्यय की जाती है। योजनांतर्गत विधवा, अनाथ, निराश्रित कन्याओं को भी शामिल किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। विकास खंड स्तर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी या एकीकृत बाल विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। योजना के संबंध में अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से भी जानकारी ली सकती है।

# छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला

## सम्पत्ति कर के भुगतान की तारीख में हुई बदलाव,अब इस तारीख तक कर सकते हैं सम्पत्ति कर का भुगतान

» **नागरिकों को मिला एक और मौका,**

**रायपुर,06अप्रैल 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नागरिकों के हित में सम्पत्ति कर भुगतान में विशेष छूट प्रदान करने का अहम् निर्णय लिया गया हैं। इसके तहत राज्य में सम्पत्ति कर तथा विवरणी जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च को बढाकर अब 30 अप्रैल तक कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिव डहरिया की पहल पर अंतिम तिथि में 30 दिवस की विशेष छूट प्रदान करते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए एक महीना का अतिरिक्त अवसर दिया गया है।

उल्लेखनीय हैं कि विगत वर्षो में महामारी(कोविड -19) को दृष्टिगत रखते हुए संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च में विशेष छूट प्रदान करते हुए अतिरिक्त अवसर दिया गया था । इस वर्ष 2022-23 की सम्पत्ति कर तथा विवरणी जमा करने के लिए पूर्व में दिए गए छूट की समय सीमा -15 अप्रैल 2023 तक, को बढाकर 30 अप्रैल 2023 तक कर दी गई हैं।

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा समस्त कलेक्टर, आयुक्त तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् एवं नगर पंचायत को जारी पत्र में कहा गया हैं कि नागरिकों द्वारा कार्यालय में आकर संम्पत्ति कर के भुगतान की स्थिति में,



फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्यतः किया जाए। फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए, निकाय के कर्मचारियों द्वारा घर- घर जाकर संम्पत्ति कर की वसूली की जाए तथा नागरीकों को ऑनलाइन भुगतान के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए ।

# सरहुल पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री बघेल



» **धरती की पूजा कर प्रदेश वासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की**

**रायपुर ,06अप्रैल 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जशपुर जिले के राजी पड़हा मुख्यालय दीपू बगीचा में आयोजित सरहुल पूजा (खद्दी परब) कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विधि विधान से धरती की पूजा कर प्रदेश वासियों के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। खद्दी पर्व धरती पूजा के अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री बघेल को पारंपरिक गमछा एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर भेंट किया।

# राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारियों के कार्यभार में किया फेरबदल




**रायपुर,06अप्रैल2023(ए)।** राज्य सरकार ने दो आईएएस के पदभार में बड़ा फेरबदल किया है। राज्य शासन ने छ.ग. पुलिस जवाबदेही प्राधिकार सचिव गोविन्दराम चुरेन्द्र (2003) को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग सचिव के पद पर पदस्थ कर दिया है। गोविन्दराम चुरेन्द्र द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है।

वहीं छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग सचिव आनंद कुमार मसीह को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक छ.ग. पुलिस जवाबदेही प्राधिकार सचिव के पद पर पदस्थ करता है। आनंद कुमार मसीह द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् सचिव, छ.ग. पुलिस जवाबदेही प्राधिकार के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित कर दिया गया है। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग में सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह द्वारा राज्यपाल के नाम से आदेश जारी कर दिया गया है।

# जवानों ने नक्सली स्मारक को आग लगाकर किया नष्ट



**नारायणपुर, ,06अप्रैल2023(ए)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी. एवं छस.बल की संयुक्त टीम अभियान हेतु धनोरा-ओरछा एवं की ओर रवाना हुई थी। थाना धनोरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मलसकट्टा में नक्सलियों द्वारा लकड़ी का स्मारक बनाया गया था, जिसे आज सुरक्षा बलों द्वारा उक्त नक्सली स्मारक को आग लगाकर नष्ट किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा बल द्वारा क्षेत्र में सर्चिंग गस्त के दौरान ग्राम भटबेड़ा में सुरक्षा बल एवं आम जनता को नुकसान की नीयत से रखे बिजली के वायर, फटाखे, आदि नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

# ऑटो एक्सपो में वाहनों के रोड टैक्स पर 50 फीसदी छूट पर लगाई गई याचिका खारिज

» **राडा ने किया स्वागत, कोरबा के ऑटोमोबाइल्स डीलर्स बोले-पूरे छत्तीसग में होना था आयोजन**



**रायपुर,06अप्रैल2023(ए)।** राजधानी रायपुर में 24 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित ऑटो एक्सपो 2023 में वाहनों की खरीदी पर राज्य सरकार की ओर से परिवहन विभाग ने रोड टैक्स में 50 फीसदी छूट का ऐलान किया गया था जो कि आम लोगों को राहत पहुंचाने के दृष्टिकोण से लिया गया निर्णय था, लेकिन कोरबा व अंबिकापुर के कुछ ऑटोमोबाइल्स कारोबारियों ने इस पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट बिलासपुर में याचिका दायर कर दी थी।

सचिव, परिवहन विभाग, रायपुर (छ.ग.) द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना संख्या एफ 5/7/ ग्राम-ट्राम/2023 दिनांक 23.03.2023 को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ताओं द्वारा विषय रिट याचिकाएं दायर की गई थी। यह मामला पहले 29.03.2023 को सूचीबद्ध किया गया था जिससे माननीय न्यायालय ने अंतरिम राहत दी है और मामले को आई.ए. पर आगे सुनवाई के लिए तय किया। लेकिन आज दिनांक 05.04.2023 को पुनः यह मामला माननीय न्यायालय के समक्ष सुनवाई के लिए आया और पक्षों को सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने अंतरिम राहत प्रदान करने के याचिकाकर्ता के आवेदन को खारिज कर दिया है।

इधर याचिका खारिज होने की खबर जैसे ही ऑटो एक्सपो पहुंची रायपुर ऑटोमोबाइल्स डीलर्स एसोसिएशन ने न्यायालय द्वारा याचिका खारिज किये जाने का स्वागत किया है। इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि परिवहन विभाग का नोटिफिकेशन जन हित में था।

राडा की ओर से मामले की पैरवी देश के जाने माने विख्यात वकील कपिल सिब्बल एवं बिलासपुर उच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील सुमेश बजाज द्वारा की गई।

इस ओरिजनल नोटिफिकेशन के बिंदु क्रमांक 1 में यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ राज्य का कोई भी डीलर यहां आकर वाहन विक्रय कर सकता है। रोक सिर्फ़ अन्य राज्यों के डीलर के आने पर थी। सरकार पर यह आरोप कि फायदा सिर्फ रायपुर के डीलर्स को दिया जा रहा है बिल्कुल निराधार और गलत है।

यहां तक कि जिन भी डीलर्स ने ऑटोएक्सपो में भाग लिया उन्होंने अपने स्थायी ट्रेड सर्टिफिकेट होते हुए भी ऑटोएक्सपो स्थल के लिए अलग से अस्थायी ट्रेड सर्टिफिकेट लिए और यह विकल्प छत्तीसगढ़ के सभी डीलर्स के लिए उपलब्ध था।

### ऑटो एक्सपो 2023 का सभी जिलों में होना था आयोजनः चैतन्य मोदी

इस पूरे मामले को लेकर कोरबा के ऑटोमोबाइल्स डीलर्स चैतन्य मोदी ने कहा कि हम चाहते है कि सभी जिलों को 50 प्रतिशत की छूट मिलना चाहिए। हम सरकार के खिलाफ नहीं है। ऑटो एक्सपो 2023 का आयोजन सभी जिलों में होना था। सिर्फ राजधानी रायपुर में ऑटो एक्सपो 2023 का आयोजन किया गया। अगर कोरबा, अंबिकापुर के कस्टमर्स को गाड़ी खरीदना है तो रायपुर कैसे जाएंगे। इसलिए छूट का फायदा सभी जिलों को मिलना था और ऑटो एक्सपो 2023 का आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में होना था।

# सत्ता के मद में चूर हैं कांग्रेसी नेता

**रायपुर,06अप्रैल2023(ए)।** बीते दिनों रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह ने सहकारी बैंक के एक कर्मचारी को थप्पड़ जड़ दिया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ था।



इस घटना के बाद विपक्षी पार्टी भाजपा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लिया। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेता सत्ता के मद में चूर हैं। यह घटना बताती है कि उनके अंदर कितना अहम् भरा हुआ है। सार्वजनिक रूप से सरकारी कर्मचारियों की पिटाई होने लगी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि हर जिले में, हर तहसील में यही हाल है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को इतनी छूट दी गई है कि वे बीच सड़क अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। यह गलत हो रहा है।



# प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश ने किया पलटवार

**रायपुर,06अप्रैल2023(ए)।** भाजपा आज अपना 44वां स्थापना दिवस मना रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं को धन्यवाद कहा, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में सबसे पहले हनुमान जन्मोत्सव पर देशवासियों को बधाई दी और कहा कि जिस तरह हनुमानजी ने दुष्टों का नाश किया है, उसी तरह भाजपा भ्रष्टाचारियों का नाश कर रही है। आज देश का हर वर्ग कमल की ढाल बना हुआ है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि नफरत से भरे लोग झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। मोदी की कब्र खोदने की धमकी दे रहे हैं। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि भाजपा शुरू से ही वंशवाद और परिवारवाद के खिलाफ रही है। भाजपा कभी भी देशवासियों के सपने और आकांक्षाओं को मुरझाते नहीं देख सकती। 2014 से देश का पुनर्जन्म हुआ है। जिस जीएसटी का विपक्ष विरोध कर रहा था, आज उसी जीएसटी से रिकार्ड राजस्व मिल रहा है।

### सीएम भूपेश बघेल ने दिया बयान

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भाजपा के स्थापना दिवस के दिन एक बयान दिया था जिसका पलटवार करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि जो भ्रष्टाचारी हैं, वो सब भाजपा में जाते हैं तो सब ठीक हो जाते हैं, हनुमान जी सबसे पहले उन्हीं को सजा देंगे।

# 4 नए फैमिली कोर्ट की घोषणा



**बिलासपुर ,06अप्रैल2023(ए)।** राज्य सरकार के विधि विधायी विभाग ने 4 नए परिवार न्यायालयों की घोषणा की है, जो आगामी एक मई से खुलेंगे। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में स्थापित परिवार न्यायालय का अतिरिक्त कार्यभार बिलासपुर के अतिरिक्त प्रमुख न्यायाधीश परिवार न्यायालय को दिया गया है। नवगठित शक्ति जिले अदालत का प्रभाव जांजगीर-चांपा जिले के परिवार न्यायालय के न्यायाधीश को दिया गया है। दंतेवाड़ा के परिवार न्यायालय के न्यायाधीश दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के संपूर्ण राजस्व जिले का प्रभाव देखेंगे। इसके अलावा मुंगेली मैं परिवार न्यायालय की स्थापना की गई है।

# छत्तीसगढ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर किया उग्र आन्दोलन

**रायपुर,06अप्रैल2023(ए)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सी.एच.ओ. संघ के प्रदेश संगठन के आह्वान पर सम्पूर्ण राज्य के 2500 संविदा सी.एच.ओ. कर्मचारियों द्वारा नया रायपुर के तुता धरना स्थल पर अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उग्र प्रदर्शन किया गया जहां मुख्य मांगों में निम्न मांगो पर एम.डी. एन.एच.एम. से अपनी मांग रखी गई है.

.कर्मचारियों के नियमितिकरण होने तक समस्त कर्मचारियों को 62 वर्ष नौकरी की सुरक्षा प्रदान हो।

2. भारत सरकार के वित्तीय दिशानिर्देश के अनुसार प्रतिमाह 25000रु. वेतन एव 15000 रु. कार्य आधारित वेतन का पालन हो।

3.कर्मचारियों को उनके गृह जिला में स्थानान्तरण हेतु सुविधा प्रदान की जावे।

4.मानव संसाधन निधि 2018 एवं कर्मचारी भविष्य निधि के नियमानुसार ई.पी.एफ. का लाभ प्रदान किया जावे।

5.जिले स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को उनके सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा मानसिक एवं आर्थिक उत्पीडन करने के विरोध में सबूतों के साथ 6 माह पूर्व एम डी एन एच एम को ज्ञापन दिया गया था जिस पर कार्यवाही की मांग की गयी.




संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने सरकार से अपनी मांगो को लेकर कहा कि हम अपने अधिकारों की मांग के लिए जो भी कदम उठाना पड़ेगा हम उसके लिए तैयार हैं, अन्य प्रदेशों में भारत सरकार के वित्तीय दिशानिर्देशों का पालन किया जा रहा है मगर हमारे राज्य के सी.एच.ओ. कर्मचारी इन लाभों से वंचित हैं जिसका सरकार को जवाब देना चाहिए।

संगठन के आमन्त्रण पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से अलोक मिश्रा और रविन्द्र तिवारी एवं आल इंडिया एसोसिएशन ऑफ़ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के राष्ट्रीय प्रतिनिधियों में से सौरव सिंह, (राष्टिय संगठन राज्य अध्यक्ष) एवं अंकिता वरवडे (राष्टिय संयुक्त सचिव) द्वारा सी.एच.ओ. छत्तीसगढ़ संघ की मांगों को लेकर पूर्ण समर्थन किया गया एवं दोनों संघों के प्रतिनिधियों ने भरोशा दिलाया की आपकी जायज मांगों के लिए सरकार से हमें जो भी लड़ाई लड़नी पड़े हम आपके हर कदम पर साथ हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)